सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 215



12 फोर्ब्स इंडिया की सूची में रश्मिका मंदाना शामिल

न्यूज डायरी

### भारत बंद का कोयला क्षेत्रों में रहा असर : सीटू

**रांची।** संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के बुलाये गये देशव्यापी बंद के मद्देनजर शुक्रवार को रांची के दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल हेडक्वार्टर और सीएमपीडीआइ में कोयला क्षेत्र में हड़ताल का पूर्ण असर रहा। सीटू के जिला सचिव प्रतीक मिश्रा ने कहा कि एचइसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति ने मुख्यालय से धुर्वा गोलचक्कर तक रैली निकाल कर लंबे समय से चल रहे आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया।

### 500 टेस्ट विकेट ले कर अश्विन ने रचा इतिहास

**राजकोट।** टीम इंडिया के स्टार फिरकी गेंदबाज आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे कर लिये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ये कीर्तिमान राजकोट में रचा और विश्व के ऐसा करने वाले 9वें गेंदबाज भी बन गये।

### प्रियंका गांधी बीमार अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अस्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रियंका ने का, मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहुंचने का इंतजार कर रही थी लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

### 84 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने शुक्रवार को 84,560 करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों की स्वीकृति (एओएन) को मंजूरी दे दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढाने के लिए इस खरीद में भारतीय विक्रेताओं से ही उपकरणों की खरीद पर विशेष जोर दिया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं के साथ भूकंपीय सेंसर और रिमोट निष्क्रियीकरण के प्रावधान वाले नयी पीढ़ी के टैंक रोधी बारूदी सुरंगों की खरीद के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत मंजूरी दी है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




# चंपई कैबिनेट में आठ मंत्रियों ने ली शपथ

## बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ दो नये चेहरे, छह पुराने चेहरों को मिली जगह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चंपई सोरेन कैबिनेट विस्तार में दो नये चेहरों को जगह दी गयी है। ये दोनों पहली बार मंत्री बने हैं। शेष पुराने चेहरों पर ही चंपई सरकार ने भरोसा जताया। शुक्रवार को राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दो नये चेहरों में बसंत सोरेन व दीपक बिरुआ को शपथ दिलायी। वहीं, पुराने चेहरों में डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं हफीजुल हसन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पहले दो जनवरी को सीएम चंपाई सोरेन के साथ मंत्री के रूप में आलमगीर आलम एवं सत्यानंद भोक्ता ने शपथ ली थी।



### हेमंत के काम को धरातल पर उतारेंगे

**रांची।** पहली बार मंत्री पद की शपथ लेने के बाद बसंत सोरेन ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा से निभायेंगे। राज्य को आगे ले जाना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रगति का जो काम शुरू किया था, उसे धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के रोजगार पर बल दिया जायेगा। बसंत सोरेन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई हैं।

### पहले उरांव व अंत में बेबी ने ली शपथ

शुक्रवार को जिन आठ मंत्री ने शपथ ली उनमें सबसे पहले डॉ रामेश्वर उरांव और अंत में बेबी देवी थीं। डॉ रामेश्वर उरांव हेमंत सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रहे थे। डॉ रामेश्वर उरांव उसके बाद क्रमवार दीपक बिरुवा, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन और बेबी देवी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं हफीजुल हसन भी हेमंत सरकार में मंत्री रहे थे। ये सभी छह पुराने चेहरों को रिपीट किया गया है।

### एक साल जनता की सेवा करूंगा : बिरुआ

पहली बार मंत्री बने दीपक बिरुआ ने राजभवन में बातचीत में कहा कि सरकार के एक साल बचे हैं। इस एक साल में जनता के लिए बहुत कुछ करना है। उन्हें जो जिम्मेवारी मिलेगी, उसे पूरा करेंगे। झामुमो के आंदोलनकारी और काफी तेज-तर्रार माने जाने वाले विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि आदिवासियों के उत्थान के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही है, उसे धरातल पर उतारने का काम करेंगे। दीपक बिरुआ झामुमो विधायक हैं और तीसरी बार विधायक हैं।

### मंत्री और उनके विभाग



- **चंपई सोरेन :** मुख्यमंत्री एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, गृह (कारा सहित) विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों का आवंटित नहीं है।
- **आलमगीर आलम :** ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग।
- **सत्यानंद भोक्ता :** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग।
- **डॉ रामेश्वर उरांव :** वित्त, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामला।
- **बेबी देवी :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग।
- **हफीजुल हसन :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग।
- **बसंत सोरेन :** पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग।
- **मिथिलेश ठाकुर :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।
- **बादल पत्रलेख :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता।
- **बन्ना गुप्ता :** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग।
- **दीपक बिरुआ :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग।

## मोदी को गाली देना कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा : पीएम

एजेंसी

- राम को काल्पनिक बताने वाले अब जय सिया राम बोलने लगे

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को काल्पनिक कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं। आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे राम लला के दर्शन कर रहा है। और तो और... कांग्रेस के जो लोग कभी नहीं चाहते थे कि प्रभु राम का मंदिर बने अयोध्या में... । पर अब वह भी जय सियाराम बोलने लगे हैं। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंनेकहा कि कांग्रेस के पास एक ही एजेंडा है- 'मोदी विरोध', घोर मोदी विरोध। मोदी को गाली दो। जो मोदी को जितनी ज्यादा गाली दे सकता है उसे ये उतने जोर से गले लगाते हैं। मोदी कुछ भी करे, कुछ भी कहे ये उसका विरोध



ही करेंगे चाहे उसमें देश का नुकसान ही क्यों न हो। पीएम शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नयी ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है। (शेष 11 पर)

## खूंटी में दो गाड़ियां भिड़ीं, चार की मौत

खबर मन्त्र संवाददात

- अवैध परिवहन और तेज रफ्तार बना हादसे का कारण

**खूंटी।** तेज रफ्तार और अवैध परिवहन की वजह से कर्रा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। शुक्रवार को सुबह कर्रा-खूंटी मुख्य सड़क पर यह हादसा उस समय हुआ, जब एक टर्बो और हाइवा में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि हाइवा, टर्बो के ऊपर चढ़ गया। उससे दबकर टर्बो में सवार चालक समेत चार लोगों की दबकर मौत हो गयी। मृतकों में ड्राइवर दिनेश पाहन समेत सोमा पाहन, पंकज मुंडा और शानिचरवा बाखला शामिल है। मृतकों में तीन डूमरदगा के सिलादोन निवासी थे और एक सोदाग गांव के खसवाटोली का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह छह बजे चिप्स लदा हाइवा कर्रा से खूंटी की ओर आ रहा था, वहीं टर्बो बालू लेकर लोधमा की ओर जा रहा था। चांपी हेसला मोड़ के समीप दोनो वाहनों में जोरदार टक्कर हो गयी। (शेष 11 पर)

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश : आयोग

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष अरुण हलदर ने पश्चिमबंगाल में संदेशखाली के दौरे बाद यहां कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की है। वहां से लौट कर अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि मुद्दा काफी संवेदनशील है। हमने राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की गयी है।

### किसान संगठनों से वार्ता अब रविवार को : अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली।** एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की मांग पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के साथ केंद्र सरकार की अगले दौर की वार्ता रविवार को होगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि गुरुवार की देर रात किसान संगठनों के साथ हुई वार्ता काफी सकारात्मक रही। वहीं दूसरी ओर किसानों के हिंसक आंदोलन के दौरान हरियाणा की सीमा पर तैनात रेलवे पुलिस के एसआई की मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

## गैंगस्टर प्रिंस खान पर इडी ने केस दर्ज किया, इंटरपोल से मदद

**रांची।** धनबाद के व्यापारियों से रंगदारी के पैसे पर अकूत संपत्ति बनाने वाले गैंगस्टर प्रिंस खान उर्फ हैदर अली पर इडी ने एनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (इसीआइआर) दर्ज कर ली है। उसे पकड़ने के लिए धनबाद पुलिस ने इंटरपोल से भी मदद मांगी है। उसके विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी है। आर्थिक अपराधों में, जिसमें विदेशी मुद्रा का मसला भी होता है, उसकी जांच इडी करता है। एनफोर्समेंट केस एक औपचारिक एंट्री होती है, जो इडी द्वारा दर्ज की जाती है। गिरफ्तारी के डर से प्रिंस खान के खाड़ी देश में छुपे होने की सूचना है। इडी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इडी रंगदारी से बनायी गयी अकूत संपत्ति का पता कर उसे जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। उसकी गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार ने 30 लाख रुपये इनाम की घोषणा कर रखी है। प्रिंस खान पर रांची , धनबाद समेत कोयलांचल में 48 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### अंतिम समय में मंत्रियों की सूची से काटा गया बैद्यनाथ राम का पत्ता

# अपमान बर्दाश्त नहीं, बड़ा कदम उठा सकता हूं

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** अंतिम समय में मंत्री पद की सूची से नाम कट जाने पर लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम काफी खफा हैं। उन्होंने इसे लातेहार ही नहीं बल्कि पूरे राज्यवासियों का अपमान बताया। साथ ही कहा, मैं इससे व्यक्तिगत रूप से आहत हूं। निकट भविष्य में कोई बड़ा कदम भी उठा सकता हूं।

*खबर मन्त्र से बातचीत* में श्री राम ने अपने आवास पर बताया, मुझे राज भवन से मंत्री पद का न्योता आने के बाद भी अंतिम क्षण में सूचना दी गयी कि आपको ड्रॉप किया जा रहा है। मैंने आला कमान को स्पष्ट कह दिया है कि यह गलत हो रहा है। यह ना तो पार्टी हित के लिए ठीक है और नहीं व्यक्तिगत हित के लिए। इससे मैं काफी आहत भू हूं। मैंने स्पष्ट कह दिया है कि यह गलत हुआ है, इस पर सुधार किया जाये। मैं राजनीति जीवन में पहली बार ऐसा अनुभव किया हूं कि राजभवन से न्योता आने के बाद बीच रास्ते से किसी को रोका गया हो। आज के मंत्रिमंडल विस्तार में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि अनुसूचित जाति समुदाय से एक भी विधायक को मंत्री पद नहीं दिया गया है। जबकि पूरे राज्य में ऐसी समुदाय की आबादी करीब 12% है।

इस वर्ग विशेष के लिए इससे बड़ा धोखा और कुछ नहीं हो सकता है। यह अनुसूचित जाति के साथ अपमान व अन्याय है। चर्चा है कि यह कांग्रेस के दबाव में निर्णय लिया गया है व 12 वें मंत्री पद को खाली रखा गया है। लेकिन कांग्रेस क्या करती है इससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। (शेष पेज 11 पर)



#### क्या है मामला

शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चमंई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चंपई सरकार में दो नये विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी, जबकि छह पुराने चेहरे ही रहे। कैबिनेट में झामुमो से लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को 12 वां मंत्री बनाया जाना था, राजभवन से जारी लिस्ट में भी बैद्यनाथ राम का नाम शामिल था। पर ऐन वक्त पर उनका पत्ता कट गया। झारखंड सरकार का जो स्ट्रेंथ है, उसके अनुसार 12 मंत्री बनाये जा सकते हैं। हालांकि पहले की हेमंत और भाजपा की रघुवर सरकार में भी 11 ही मंत्री थे। दरअसल 12 वां मंत्री बनाये जाने को लेकर कांग्रेस में जो बवाल मचा हुआ था। शायद उसी का असर है कि बैजनाथ राम को 12वां मंत्री नहीं बनाया गया। वर्तमान सरकार के बचे हुए 10 महीनों का समय 11 मंत्रियों से संपन्न करेंगे या कोई 12 वां मंत्री शपथ भी लेगा। अगर कोई 12वां मंत्री बनता है तो क्या वह झामुमो से होगा या कांग्रेस से यह भी देखना दिलचस्प होगा। संख्याबल के अनुसार कांग्रेस से 4 मंत्री ही होने चाहिए, वह कोटा से मिल भी गया है।



# कांग्रेस ने विधायक बैद्यनाथ राम का बिगाड़ा खेल, 12वें मंत्री का पद रिक्त

**झामुमो की तरफ से एससी कोटा का मंत्री पद रह गया खाली जबकि राजभवन को बैद्यनाथ राम का भेजा गया था नाम**

उदय चौहान

**रांची।** लीजिये ! कांग्रेस ने झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम का बना बनाया खेल बिगाड़ दिया। बैद्यनाथ राम का नाम राजभवन पहुंचने के बावजूद वे मंत्री पद की शपथ नहीं ले सके। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के प्रेशर के कारण 12वां मंत्री का पद रिक्त रखना पड़ा। जानकार बताते हैं कि कांग्रेस के दो धड़ों के बीच मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर काफी असंतुष्टि देखी गयी। कांग्रेस का एक धड़ा अपने कोटे के पुराने मंत्रियों की जगह पर युवाओं को मौका देने की वकालत कर रहे थे। वहीं, दूसरा धड़ा 12वां मंत्री का पद कांग्रेस से देने की मांग कर रहे थे। बताया गया है कि आठों मंत्रियों की तरह बैद्यनाथ राम के लिए भी राजभवन ने पूरी तैयारी की थी। लेकिन वह राजभवन पहुंचे ही नहीं।





पिछले 10 सालों से झारखंड में मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री ही रहे हैं। जबकि झारखंड विधानसभा का समीकरण बताता है कि सूबे में 12 मंत्री हो सकते हैं। रघुवर और हेमंत की तरह चंपई ने भी 12वां मंत्री पद खाली रखा है। कांग्रेस हमेशा से दबाव बनाती रही कि उनके पांच मंत्री हों। फॉर्मूले के मुताबिक कांग्रेस पांच मंत्री का दावा नहीं ठोक सकती है। गठबंधन सरकार बनते वक्त चार विधायक पर एक मंत्री की बात तय थी। कांग्रेस के फिलहाल 17 विधायक हैं। रामगढ़ सीट हारने के बाद एक गिनती कम हुई है। लिहाजा पांचवा मंत्री बनना काफी मुश्किल है। लेकिन कांग्रेस के दबाव की वजह से 12 वां मंत्री का पद खाली रखा गया है। दिलचस्प यह होगा कि आने वाले समय में 12 वां मंत्री को लेकर सीएम चंपई सोरेन क्या रूख अपनाते हैं।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि पूत के पांव पालने में नजर आ जाता है। गठबंधन सरकार के मुखिया को सरकार चलाने में कांग्रेसी बाधा को पार करना होगा। वैसे, इस सरकार से खास उम्मीद बेमानी है।

## मंत्री बनाने की सूचना मिलने के बाद वैद्यनाथ ने कराया फेशियल

**जब मंत्री पद से उन्हें ड्रॉप किया गया तो राजनीतिक गलियारे से यह बात छनकर आ रही है कि उनके साथ धोखा किया गया है। वे अब कुछ बड़ा करेंगे।**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो नेता वैद्यनाथ राम को जब मुख्यमंत्री आवास से सूचना दी गयी कि आपको मंत्री बनाया जा रहा है जो राजभवन आने से पूर्व वैद्यनाथ राम ने ब्यूटी पार्लर जाकर ब्लीच और फेशियल कराया। उनकी फेशियल वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। जब वे राजभवन जाने की तैयारी करने लगे तो ऐन वक्त पर उन्हें मुख्यमंत्री आवास बुला लिया। वहां मौजूद पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने उन्हें फोन कर बुलाया और उन्हें ड्रॉप करने की सूचना दी। इसके बाद राजनीतिक गलियारे से यह बात छनकर आ रही है कि उनके साथ धोखा किया गया है। वे अब कुछ बड़ा करेंगे।

### झलकियां

- शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री पद की शपथ लेने पहुंचनेवालों में सबसे पहले बन्ना गुप्ता पहुंच।
- मुख्यमत्री चंपई सोरेन 4:15 बजे राजभवन के बिरसा मंडप पहुंचे। आखिरी में मिथिलेश ठाकुर आये।
- शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के बिरसा मंडप में 4:25 बजे राज्यपाल पहुंचे।
- राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।
- राज्यपाल के आने के बाद सभी अपनी जगह पर खड़े हो गये, उसके बाद राष्ट्रगान प्रारंभ हुआ।
- मंत्री पद की शपथ लेने राजभवन पहुंचनेवालों में क्रमवार बन्ना गुप्ता, डॉ रामेश्वर उरांव, बेबी देवी, हफीजुल अंसारी, बादल पत्रलेख, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ और मिथिलेश ठाकुर पहुंचे।
- सबसे कम समय में शपथ मिथिलेश ठाकुर ने शपथ ली जबकि जबकि सबसे अधिक समय बेबी देवी ने लिया।
- हफीजुल अंसारी ने उर्दू में शपथ ली, जबकि अन्य मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली।
- बेबी देवी को शपथ लेने के क्रम में शब्दों के उच्चारण में रुकना पड़ रहा था। उनके शपथ के तुरंत बाद सबसे अधिक तालियां बजी।
- मंत्री पद की शपथ लेनेवाले विधायकों को क्रमवार बैठने की व्यवस्था थी, डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, बसंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, हफिजुल अंसारी, बेबी देवी की सीट सुरक्षित थी।
- डॉ रामेश्वर उरांव और बेबी देवी ने शपथ ग्रहण के लिए मंच पर सीढ़ी चढ़ने समय राजभवन कर्मियों का सहारा लिया।
- बसंत सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफिजुल अंसारी और बेबी देवी का नाम जब शपथ ग्रहण के लिए पुकारा गया तो समर्थकों ने जोरदार ताली बजायी।

**चंपई मंत्रिमंडल विस्तार से पहले ही सतह पर आया कांग्रेस का कलह**

# मंत्रिमंडल विस्तार से नाराज कांग्रेस के कई विधायक कमरे में रहे बंद...

सत्येन्द्र

**रांची।** चंपई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार से पहले कांग्रेस का कलह सामने आया। कांग्रेस के कई विधायकों ने अपने आप को सर्किट हाउस के कमरा नंबर 107 में बंद कर विरोध दर्ज कराया। पार्टी के कई विधायकों ने मंत्री बनने के लिए अपना नाम पार्टी आलाकमान एवं राहुल गांधी के ध्यानार्थ भेजा था। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले यह माना जा रहा था कि कांग्रेस कोटे से जो तीन मंत्री रहे हैं कांग्रेस विधायकों के दबाव के बाद उसमें कोई बदलाव हो सकता है लेकिन ऐसा नहीं होने पर नाराज विधायकों ने विरोध स्वरूप सर्किट हाउस में खुद को एक कमरे में बंद कर लिया।

**कमरे में ये विधायक थे बंद :** मंत्रिमंडल विस्तार में अपना नाम नहीं होने से जो विधायक नाराज होकर कमरे में बंद थे, उनमें जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, डॉ इरफान अंसारी, अम्बा प्रसाद, रामचंद्र चेरो, भूषण बाड़ा, दीपिका पांडे सिंह, नमन विक्सल कोंगारी, राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, सोनाराम सिंकू प्रमुख है।

माना जा रहा है कि इन्हें पूर्णिमा नीरज सिंह और उमाशंकर अकेला का भी समर्थन प्राप्त था। इधर नाराज विधायकों के बारे में जानकारी मिलते ही पूरे झारखंड की राजनीति में हड़कंप मच गयी। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल विस्तार होने से पूर्व इस तरह की खबर आने से कांग्रेस समेत सत्तारूढ्ढ गठबंधन में शामिल दल के नेता सकते में आ गये और विधायकों को मनाने में जुट गये।



### दूसरे विधायकों को मौका देने की थी मांग

राजभवन से जिन तीन कांग्रेसी विधायकों को मंत्री पद की शपथ लेने के लिए बुलावा भेजा गया था, वे हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी शामिल थे। किसी प्रकार का विवाद ना इसलिए 10 विधायकों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मांग की कि आलमगीर आलम सहित पूर्व के तीन मंत्रियों को नये मंत्रिमंडल से शामिल ना किया जाये और कांग्रेस के दूसरे विधायकों को मौका दिया जाये। इसके अलावा विधायकों ने इस बात की भी नाराजगी जतायी कि कैबिनेट में 12वें मंत्री का पद कांग्रेस को क्यों नहीं मिला। 10 विधायकों ने मांग की है कि सत्र के बाद कांग्रेस के एक और मंत्री का शपथ होना चाहिए।

### मंत्री बनने के लगाये जा रहे थे कयास

मालूम हो कि मंत्रिमंडल विस्तार होने से पूर्व मंत्री बनाये जाने को लेकर राज्य की राजनीति में लगातार कयासों का बाजार गर्म था। हालांकि इस पर साफ साफ ना तो झामुमो के नेताओं ने कुछ कहा था और ना ही कांग्रेस नेताओं ने। लेकिन जो चर्चाएं सामने आ रही थी कि हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन की कैबिनेट में एंट्री हो सकती है और उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा सीता सोरेन को भी मंत्रिमंडल में जगह दिया जा सकता है। वहीं मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, हफीजुल हसन और बेबी देवी को भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा थी। वहीं कांग्रेस कोटे के मंत्रियों में फेरबदल की बात कही जा रही थी।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के मनाने के बाद शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक

चंपई सोरेन सरकार के विस्तार से पहले कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप से नाराज 12 विधायकों को फौरी तौर पर मना तो लिया गया, लेकिन सर्किट हाउस के कमरा नंबर 107 में जो पॉलिटिकल ड्रामा करीब तीन घंटे तक चला वह कम से कम कांग्रेस के लिए शुभ संकेत नहीं था। मान मनौव्वल के बाद राजभवन शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने को तैयार हुए कांग्रेस विधायकों ने बार बार एक ही बात दोहराई कि वह प्रदेश प्रभारी के आग्रह पर राजभवन जाने को तैयार हुए हैं। सर्किट हाउस के कमरा नंबर 107 से निकलने के बाद प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि विधायकों ने जो कंसर्न और ग्रीवांस के बारे में बताया वह किसी का व्यक्तिगत मामला नहीं था। ये सभी जनप्रतिनिधि हैं और इन्हें जनता के बीच जाना होता है, ऐसे में इनकी बातें आलाकमान तक पहुंचाई गयी हैं। इधर राजभवन के लिए निकले अनूप सिंह ने कहा कि हम लोगों को आलाकमान की ओर से आश्वासन मिला है और प्रभारी गुलाम अहमद मीर की आग्रह पर राजभवन जा रहे हैं।

### बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपाई दिल्ली रवाना



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत अन्यय नेता शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो गये। दरअसल, 17 व 18 फरवरी को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में पार्टी का महाधिवेशन है। इसमे देशभर के 11 हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा पीएम नमो का भी संबोधन होगा। झारखंड से 220 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इसमें पार्टी की ओर से चुनावी शंखनाद किया जायेगा।

## बैद्यनाथ राम को मंत्री नहीं बनाना एससी समाज के साथ हुआ धोखा : अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन कैबिनेट का दूसरा विस्तार शुक्रवार को हो गया। इसमें 8 मंत्रियों ने शपथ ली। लेकिन, आखिरी वक्त में बैद्यनाथ राम का नाम मंत्री पद से हट गया। राज्य की विडंबना है कि शपथ ग्रहण के ठीक पहले बैद्यनाथ राम का नाम आखिरी समय में काटा गया जबकि बैद्यनाथ राम का नाम राजभवन को भेजी गयी सूची में शामिल था। झारखंड के 50 लाख की आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज को ठगबंधन सरकार के द्वारा एक और धोखा का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद का दलित विरोधी चेहरा फिर से एक बार सबके सामने आ गया है। झारखंड के दलित वर्ग सिर्फ उनकी पार्टी का झंडा और डंडा ढोने लायक है ना कि सत्ता में हिस्सेदारी व भागीदारी के लायक है। एक बार फिर मंत्री परिषद में अनुसूचित जाति समाज का प्रतिनिधित्व शून्य रहेगा। इस निकम्मी सरकार को लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में जनता करारा जवाब देगी।

**झारखंड सरकार में मंत्री बनने के बाद बसंत सोरेन ने कहा-**

# लोकसभा चुनाव में भाजपा का सुपड़ा हो जायेगा साफ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुमका से झामुमो विधायक सह पार्टी सुप्रीमो गुरु जी के छोटे पुत्र बसंत सोरेन को मंत्री बनाया गया। राजभवन में शपथ लेने के बाद बसंत सोरेन सीधे गुरु जी के आवास पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं मालूम कि कौन-कौन सा विभाग मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।

बसंत ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव, पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। बसंत सोरेन ने यह भी कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए बसंत सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए जो भी काम शुरू किए थे, उसे धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ बंद किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना शुरू की है, इस पर विशेष फोकस होगा। इसके अलावा शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के रोजगार पर बल दिया जाएगा।



**चुनावी सियासत में संताल और कोल्हान निभायेंगे अहम भूमिका, बीजेपी-जेएमएम दोनों का है फोकस**

# राजनीति में संताल और कोल्हान में जेएमएम का रहेगा दबदबा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का क्रिकेट खेलने के लिए पिच तैयार कर लिया गया है। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई सरकार में बसंत सोरेन को मंत्री बनाकर जेएमएम ने ताल ठोंक दी है। उधर, कोल्हान में दीपक बिरूआ को मंत्री पद देने के बाद कोल्हान की आदिवासी शक्ति को समेटने में अहम रोल निभाएगा। इधर, बीजेपी बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर आदिवासी कार्ड खेलने और महागठबंधन के 26 सीट को लेने की फिराक में है। जेएमएम कोटे से दो युवा विधायकों को मंत्री बनाने के बाद लोकसभा और विधानसभा चुनाव की आहट दे चुकी है। सत्तारूढ़ झामुमो और विपक्ष भाजपा की राजनीतिक सक्रियता देखते बन रही है। सरकार आपके द्वार के माध्यम से पूरे प्रदेश में अपनी नीति, सिद्धांत, सरकार के कामकाज और जनता की उम्मीदों को घर-घर, द्वार-द्वार पहुंचाने की कवायद कर रही है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सरकार के मुखिया होने के नाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं इस अभियान को गति देने में जुटे हुए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने संताल परगना के साहिबगंज स्थित अपने चुनाव क्षेत्र बरहेट से तीसरी बार अभियान का शुभारंभ किया था। वहीं, सूबे की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी संताल परगना का लगातार दौरा कर रहे हैं। उन्होंने भी साहिबगंज से अनुसूचित जनजाति मोर्चा की रैली कर हुंकार भरी थी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट से आपकी सरकार, आपके द्वार शुरू किया, वहीं बाबूलाल मरांडी साहिबगंज के भोगनाडीह से जुलूस निकाला था।




**झामुमो और भाजपा दोनों का है फोकस :** झामुमो और भाजपा दोनों का संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल पर फोकस है। झामुमो ने पिछले चुनाव में संताल परगना के साथ कोल्हान में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं भाजपा चुनावी जंग जीतने को दोनों मजबूत किला भेदने की कोशिश करेगी। लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा का दावा संताल पर है। संताल की तीन सीटों में दो दुमका और गोड्डा भाजपा के खाते में है, वहीं राजमहल झामुमो के पास है। भाजपा ने इस बार राजमहल पर जरूरत से ज्यादा फोकस किया है। गोड्डा की सीट महागठबंधन में कांग्रेस के खाते में जा सकता है।

### संताल की 18 में 9 और कोल्हान की 14 में 11 सीटें झामुमो के पास

विधानसभा चुनाव 2019 में झामुमो ने संताल परगना की 18 में से सात एसटी आरक्षित और दो अनारक्षित सीटें जीतकर अपना हौसला बुलंद रखा है। शेष 9 सीटों में पांच कांग्रेस (प्रदीप यादव समेत) और 4 भाजपा के पास है। संताल से कहीं ज्यादा झामुमो ने कोल्हान क्षेत्र में बड़ी सफलता अर्जित की थी। कोल्हान की 14 विधानसभा सीटों में से 11 सीटों पर झामुमो का कब्जा हुआ। इनमें बहरागोड़ा और जुगसलाई छोड़कर शेष 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं। संताल में भाजपा ने चार सीटें जीतकर किसी तरह अपनी प्रतिष्ठा बचाई, लेकिन 2019 में भाजपा कोल्हान में पूरी तरह साफ हो गई थी। चाईबासा लोकसभा तथा कम से कम आधी दर्जन सीटें भाजपा गंवा चुकी है। भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल के साथ-साथ कोल्हान को भी लोकसभा तथा विधानसभा के लिए चुनौती के रूप में लिया है।

## कोल्हान में अच्छी पैठ रखने वाले दीपक को मिली सत्ता में कमान...

कुबेर सिंह

**रांची।** चंपई कैबिनेट में झामुमो कोटे से दीपक बिरुआ और बसंत सोरेन को मंत्री बनाया गया है। जेएमएम ने दोनों विधायकों को मंत्री बनाकर चुनावी राजनीति को साधने की कोशिश की है। राज्य की 81 विस सीट में ट्राइबल सीटों की संख्या 28 है, जिसमें महागठबंधन 26 सीटों पर कब्जा जमाये हुए है। सीटों को बचाने की जद्दोजहद में बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को जिम्मा सौंपा है। दीपक बिरुआ चाईबासा से झामुमो के विधायक हैं। दीपक बिरुआ की कोल्हान में अच्छी पैठ है। वह पेसा कानून को लेकर हमेशा मुखर भी रहे हैं।

**जनता दल की टिकट पर पहली बार विधायक बने थे बिरूआ :** विधायक दीपक बिरूवा के राजनीतिक सफर की बात करें तो उन्हें राजनीति में आजसू पार्टी का दामन थाम कर कदम रखा था। उन्होंने पहली बार वर्ष 1990 में आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा फिर 1991 में लोकसभा का चुनाव लड़ा तथा जनता दल के टिकट पर 1995 में विधायक बने। 1997 में वे झामुमो में शामिल हुए और 2000 में जेएमएम पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े, उसके बाद 2005 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। साल 2009 में जेएमएम के टिकट से चुनाव लड़ कर पहली बार विधायक बने। इसके बाद 2014 और 2019 में लगातार तीन बार विधायक चुने गए। लगातार तीन बार जीतकर झारखंड विधानसभा में अपना परचम लहराया है। 2019 में जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी तब भी यह कयास लगाए जा रहे थे कि चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ को मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। उस वक्त जोबा मांझी को दीपक के स्थान पर लाया गया था। अब चंपाई सरकार ने दीपक को मंत्रिमंडल में शामिल किया, इस बार जोबा को हटा दिया गया।

**भूल गये या परंपरा का नहीं किया निर्वहन**

## डॉ रामेश्वर, बिरुआ, बादल और बन्ना शपथ के बाद सीएम के पास नहीं गये










खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अबतक की यह परंपरा रही है कि जो मंत्री पद की शपथ लेते हैं, वे राज्यपाल से गुलदस्ता प्राप्त करने के बाद प्रोटोकॉल के तहत वहां उपस्थित मुख्यमंत्री से मिलते हैं। उनका अभिवादन करते हैं, लेकिन डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बादल पत्रलेख और बन्ना गुप्ता क्रमवार शपथ लेते गये और फिर अपनी जगह पर बैठ गये। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पास नहीं गये। ऐसा तत्क्षण भूलवश हुआ होगा, लेकिन चर्चा का विषय बना रहा। वहीं जब मिथिलेश ठाकुर मंत्री पद की शपथ लेकर उतरे तो मुख्यमंत्री के पास गये और हाथ जोड़ अभिवादन किया। सीएम अपनी जगह से खड़े होकर अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद बसंत सोरेन, हफीजुल अंसारी और बेबी देवी शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री के पास गये और उन्हें प्रणाम कर अभिवादन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहली पंक्ति में आगे बैठे थे। दूसरी तरफ मंत्री पद की शपथ लेनेवाले विधायक बैठे थे।

## असामाजिक तत्वों ने नगड़ी में माहौल किया खराब, पुलिस ने कराया शांत

**रांची/नगड़ी।** रांची जिले के नगड़ी में शुक्रवार को विर्सजन जुलूस के दौरान कहीं से एक पत्थर आकर गिरा। पत्थर गिरने से एक व्यक्ति जख्मी हो गया। उसके बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी और नारेबाजी हुई। घटना रात आठ बजे की है। सूचना के मुताबिक मौके पर पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गाड़ी भी पत्थरबाजी में क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। देर रात तक पुलिस के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। मामले की जानकारी लोगों से ली जा रही है। वहां तत्काल धारा-144 लागू कर दी गयी। देर रात पुलिस मौके वारदात पर मौजूद रही और लोगों को अपने-अपने घरों में जाने का आदेश किया।



घटना में बिखरे पत्थर

## चंपई सरकार के मंत्रिमंडल में एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना और महिलाओं की भागीदारी घटाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मंत्रिमंडल का स्वरूप सरकार की सोच, नीति और नीयत को दर्शाता है। मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं मिला। मुख्यमंत्री से उम्मीद थी कि राज्य की बड़ी आबादी जो पिछले 50 महीनों से नेतृत्व विहीन है, उन्हें सरकार में नेतृत्व मिलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड देश का इकलौता राज्य है जहां अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नहीं है। साथ ही मंत्रिमंडल में राज्य की आधी आबादी का भी प्रतिनिधित्व कम कर दिया गया है। राज्य के इतिहास में पहली बार 12 महिला विधायक चुन कर सदन पहुँची हैं। इनमें 8 महिलाएं विधायक सत्ता पक्ष की हैं, लेकिन चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में सिर्फ एक महिला को मंत्री पद दिया गया है। इससे पहले दो महिला मंत्री थीं सरकार ने इस संख्या को बढ़ाने की बजाय आधा कर दिया है। इसके अलावा सरकार ने ओबीसी समाज को आबादी के अनुसार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। इनका एक मात्र उद्देश्य बस जनता को ठग कर उनसे झूठे वादे और कभी न पूरे होने वाले सपने दिखा कर उनका मत पाना है, जब उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारी देने की बात आती है तो यह सरकार अपने वादे से मुकर जाती है। जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं। जनता इसका जवाब इस सरकार को सत्ता से बेदखल कर के देगी।

## नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले सांसद संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति को जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा भेंट की और अयोध्या धाम से आये भगवान श्री रामलला का प्रसाद भी दिया। सांसद ने राष्ट्रपति को झारखंड की स्थिति से अवगत कराया। राष्ट्रपति ने झारखंड के विषय में सांसद से जानकारी ली और क्षेत्र का कुशलक्षेम भी पूछा। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।



### खबर एक नजर में

## कोरोना काल में बिना परमिट वाले अपरिचालित वाहनों का माफ हो टैक्स : बस एसोसिएशन

**रांची।** झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने बिना परमिट वाले वाहनों का भी कोरोना काल में अपरिचालित अवधि का कर माफ करने की मांग राज्य सरकार से की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह व वरीय उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने परिवहन विभाग को ज्ञापन सौंपा है। सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि पहले भी सरकार के समक्ष कई बार मांग रखी गयी थी, लेकिन अभी तक बिना परमिट वाले अपरिचालित वाहनों का रोड टैक्स माफ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने राहत नहीं दी है इसलिए वाहन संचालकों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। एसोसिएशन न कहा कि अब अगर ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई तो इसका विरोध किया जायेगा।

## बीआरपी-सीआरपी संघ ने विभाग को दिया ज्ञापन

**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को विभागीय सचिव, कार्मिक सचिव से मिलकर सेवाशर्त नियमावली अविलंब कैबिनेट से पास करने का आग्रह किया। विभागीय सचिव ने बताया कि कार्य लगभग पूर्ण है। मंत्रिमंडल विस्तार के उपरांत एक आवश्यक बैठक जो लंबित है, उसे कराते हुए आपलोगों को सुखद समाचार दिया जायेगा। विदित हो की इस तरह का आश्वासन विगत एक साल से मिल रहा है। मालूम हो कि बीआरपी सीआरपी का विगत 5 साल में एक रुपया भी मानदेय वृद्धि नहीं हुई है। विगत 2 साल से पारा टीचर से भी कम मानदेय बीआरपी सीआरपी को दिया जा रहा है। यह तक की बीआरसी में कार्यरत नाइट गार्ड को भी मानदेय बीआरपी सीआरपी से ज्यादा है। उन्नीस साल की सेवा के उपरांत भी सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती नहीं करना नियम विरुद्ध है। सचिव से मिलनेवाले प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के साथ महासचिव नितिन कुमार, कुमार सिकंदर, रविंद्र कुमार ठाकुर, कुमार रोहित सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

# किसान संगठनों के देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद का झारखंड में व्यापक असर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा बनाये गये चार लेबर कोड को वापस लेने, किसानों द्वारा उगाये गये फसलों का एमएसपी तय करने समेत 21 मुद्दों पर देश भर के 200 से अधिक किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों के अह्वान पर शुक्रवार को देशभर में ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक हड़ताल रही। झारखंड में ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने के लिए किसान और मजदूर संगठन ने कोलियरियों को बंद कराया। वहीं संयुक्त वाम मोर्चा और ट्रेड यूनियन नेताओं ने राजधानी रांची की सड़कों पर विरोध मार्च निकाला। एटक, सीटू, इंटक आदि समेत कई संगठनों के आह्वान पर होने वाले राष्ट्रव्यापी ग्रामीण भारत बंद को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, सीपीएम, सीपीआई, सीपीआई एमएलए, राष्ट्रीय जनता दल ने भी समर्थन दिया था। इस एक दिवसीय हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों का भी समर्थन था। इस एक दिवसीय भारत बंद से राज्य की कोयला और लौह अयस्क खदानों पर व्यापक असर पड़ने की खबर है।




### राजधानी रांची में निकाला गया विरोध मार्च

भारत बंद को लेकर शुक्रवार को राजधानी रांची में भी सैनिक मार्केट से शहीद चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान मोदी सरकार को किसान और मजदूर विरोधी बताते हुए सीपीएम के राज्य सचिव और किसान सभा के महासचिव मजदूर नेता प्रकाश विप्लव एवं अजय सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड के किसान और मजदूर केंद्र के खिलाफ मुखर हैं। यहां आज के ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गये चार काले लेबर कोड को खत्म नहीं किया जाता, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया जाता, बिजली कानून में संशोधन नहीं किया जाता और बढ़ती महंगाई पर रोक नहीं लगायी जाती, तब तक वाम मोर्चा चुप नहीं बैठेगा। इस दौरान सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही, बढ़ती महंगाई और विपक्षी सांसदों को संसद से बाहर कर काले कानून पारित करने के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। मासस नेता सुशांतो मुखर्जी ने कहा कि आज की मूल लड़ाई धान और रोटी की है। इसी के लिए देश के किसान संघर्ष कर रहे हैं। एमएसपी लागू होने तक मासस यह लड़ाई जारी रखेगा।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अर्बन लाइवलीहुड इको-सिस्टम पर काम जरूरी : राहुल कपूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, यूएनडीपी इंडिया एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहरी आजीविका से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हो गया। होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित इस कार्यशाला में महिला सशक्तीकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता विषय पर गहन चर्चा की गयी। नयी स्ट्रेटेजी बनायी गयी तथा भविष्य में झारखंड सहित अन्य राज्यों के द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को पूरे देश में कैसे लागू किया जाये, इसकी कार्ययोजना बनायी गयी।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि शहरी क्षेत्र की गरीब महिलाओं के साथ उनकी सशक्त संरचनात्मक संस्था के द्वारा उनकी आजीविका विकास, उनके सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के लिए समुदाय के साथ मिल कर विकास पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अर्बन लाइवलीहुड इको सिस्टम पर काम करना होगा। झारखंड राज्य द्वारा इस दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर नगर विकास सचिव अरवा राजकमल व निदेशक नगरीय प्रशासन आदित्य कुमार आनंद ने महिला स्वयं सहायता समूहों तथा स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र एवं राज्य की योजनाओं का लाभ देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। दूसरे दिन कार्यशाला से पूर्व प्रतिभागियों को बिरसा मुण्डा समृति पार्क, बिरसा मुण्डा संग्रहालय का भ्रमण तथा योग सत्र कराया गया।



**कार्यशाला में ये रहे शामिल :** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव राहुल कपूर एवं शालिनी पांडेय, निदेशक, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, आदित्य कुमार आनंद, निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार, देश के विभिन्न राज्यों से आये प्रतिनिधियों, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार तथा भारत सरकार एवं यूएनडीपी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न वक्ताओं अमित कुमार, यूएनडीपी, जीनल सावला, स्मार्ट सिटी, भारत सरकार, शैलजा मेहता, निदेशक, दसरा फाउंडेशन, सोनाली जैन, निदेशक, नलज इंस्टीट्यट, शिखा श्रीवास्तव, हेड, शहरी गरीबी उन्मूलन, टाटा ट्रस्ट, कमलेश सांगली, निदेशक, आजीविका, अमेरिकन इण्डिया फाउंडेशन तथा जे रघुराजन, लार्सन एण्ड टुबो ने अपनी बात रखी।

## हड़ताल में शामिल हुए सीएमपीडीआई के सीटू के सदस्य



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ऑल इंडिया कोल फेडरेशन के आह्वान पर एनसीओईए (सीटू) की सीएमपीडीआई शाखा के सदस्य शुक्रवार को आहूत देशव्यापी हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने सीएमपीडीआई (मुख्यालय) और इसके क्षेत्रीय संस्थान एवं ड्रिलिंग शिविरों में हड़ताल किया। सीएमपीडीआई शाखा के सचिव प्रलय भप्ताचार्यी ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ हड़ताल की गई थी। केंद्र सरकार के एमडीओ, रेवेन्यू शेयरिंग, कमर्शियल माइनिंग, 40 कोयला खदानों को निजी हाथों को बेचना, बढ़ती महंगाई, किसानों पर अत्याचार, 40 श्रम कानून में उल्लंघन कर लेबर कोड को लाना, सार्वजनिक उपक्रम को निजी हाथों में औने-पौने दामों पर बेचने के विरूद्ध हड़ताल की गयी थी।

### सभी जिलों के हेल्प डेस्क मैनेजरों को दिया गया प्रशिक्षण

## शिकायतों के शीघ्र निष्पादन में हेल्पलाइन सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण: के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर लोक सभा आम चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों से आये हेल्प डेस्क प्रबंधकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। मुख्यालय के सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न जिलों से आये 102 हेल्प डेस्क मैनेजरों को लोक सभा आम चुनाव के लिए स्वीप एक्शन प्लान, जन शिकायत निवारण पोर्टल एनजीएसपी 2 एवं 1950 वोटर हेल्पलाइन सहित कई तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर हेल्प डेस्क प्रबंधकों को इस बात का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया कि 1950 वोटर हेल्प लाइन पर प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों को तत्परता से निष्पादन करवाने में वे कैसे अपनी भूमिका को और भी बेहतर कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने प्रबंधकों को कहा कि उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य के मतदाताओं से जो सुझाव और शिकायतें हेल्पलाइन सेंटर को प्राप्त होंए उन्हें भी डिजिटाइज जरूर करें। ताकि मुख्यालय स्तर तक सही फीडबैक पहुंचे। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन से जुड़े विभिन्न आईटी एप्लीकेशन जैसे सी विजिल, केवाईसी, सुविधा ऐपध्पोर्टल सक्षम ऐप आदि के बारे में भी बताया गया।

आसन्न लोक सभा आम चुनाव को देखते हुये स्वीप के कार्यक्रमों में सोशल मीडिया का किस प्रकार प्रयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक जुड़ा जाये। इस पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त आने आले समय में किसी तरह के अप्रत्याशित फेक न्यूज की संभावनाओं से कैसे निपटना होगा। इस पर भी बारीकी से बताया गया। संबंधित फेक न्यूज को कैसे पहचानें एवं आम लोगों को इससे भ्रमित होने से कैसे बचायें इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अलावा संयुक्त सचिव सुबोध कुमार, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने सभी हेल्प डेस्क मैनेजरों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आये हेल्प डेस्क प्रबंधकों के अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारीए कर्मी उपस्थित थे।




## झारखंड जदयू प्रदेश कार्य समिति की बैठक में लोस चुनाव की तैयारी पर हुई मंत्रणा, झारखंड में कुछ सीटों पर दावेदारी कर सकता है जदयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार में जेडीयू के पाला बदलते ही पड़ोसी राज्य झारखंड का राजनीतिक परिदृश्य भी बदल गया है। एक तरफ बिहार में जेडीयू ने बीजेपी का दामन थाम लिया है तो वहीं झारखंड में भी जदयू अब भाजपा के भरोसे है। अपनी राजनीतिक उम्मीदों को जदयू कार्यकर्ताओं के बीच सार्वजनिक करने के लिए शुक्रवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता जेडीयू के राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने की। बैठक में राज्य भर के सभी जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या और लोगों के रूझान के बारे में जानकारी साझा की।

**झारखंड में जेडीयू एनडीए के साथ मिलकर करेगा काम : खीरू**

बैठक को लेकर राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि अब तक झारखंड जेडीयू इंडी गठबंधन के साथ तालमेल बैठाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पिछले दिनों हुए बदलाव के बाद अब एक बार फिर से झारखंड जेडीयू एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर काम करेगा। इस बदलाव को देखते हुए प्रदेश कार्यकारणी की बैठक बुलाई गई है। जिसमें कार्यकर्ताओं को कई नए दिशा निर्देश दिए गए।




### कुछ लोस सीटों पर जेडीयू कर सकता है दावेदारी

राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने इशारों-इशारों में कहा कि झारखंड के कुछ लोकसभा सीटों पर जनता दल यूनाइटेड अपनी तैयारी कर रही है और उन्हें उम्मीद है कि गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल होने के बाद हम उन सीटों पर अपने प्रत्याशी को खड़ा कर पाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि जिन सीटों पर झारखंड जेडीयू अपना प्रत्याशी खड़ा करने की तैयारी कर रहा है, उन सीटों के नाम की जानकारी आज की बैठक में तय करने के बाद शीर्ष नेतृत्व को भेजा जाएगा और फिर वहां से जो भी दिशा निर्देश मिलेगा उसके आधार पर पार्टी अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी।

### एनडीए गठबंधन से तालमेल नहीं बैठने पर अकेले चुनाव लड़ सकता है जदयू

जनता दल यूनाइटेड के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड जदयू पलामू, चतरा और हजारीबाग लोकसभा सीट पर अपनी तैयारी कर रहा है। इन तीनों सीटों पर झारखंड जदयू अपनी ओर से दावेदारी कर रहा है। वहीं दूसरी ओर यह भी माना जा रहा है कि यदि एनडीए गठबंधन में तालमेल नहीं बैठता है तो जनता दल यूनाइटेड अकेले दम पर भी चुनाव लड़ने पर विचार कर सकता है। बताते चलें कि पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी-जेडीयू एक साथ थे, लेकिन इसके बावजूद भी जनता दल यूनाइटेड ने झारखंड के सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का काम किया था। अब देखने वाली बात होगी कि शीर्ष नेतृत्व क्या फैसला लेता है और फिर एनडीए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी जेडीयू को किस सीट पर चुनाव लड़ाने के लिए हामी भरती है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने उपवास के दूसरे दिन कहा- हेमंत को साजिश कर भेजा गया जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू की प्रतिमा के समक्ष दूसरे दिन भी झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में उपवास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम मे रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची जिला समिति भी शामिल हुई। इस अवसर पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता ने 5 साल के लिए बहुमत दिया था और वह साढ़े 3 करोड़ जनता के घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे थे। इसी को देखते हुए भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा साजिश के तहत उनको जेल भेजा गया है।

**2024 के चुनाव में भाजपा का खाता भी नहीं खुलने देंगे :** मौके पर रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा जिस प्रकार भाजपा और केंद्र ने साजिश करके हमारे युवा मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया है। इससे हमारी पार्टी के साथ-साथ झारखंड की जनता भी दुखी है और उनमें आक्रोश है। हम इसी के तहत संयमित माध्यम से इस उपवास कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। आने वाले 2024 के चुनाव में मैं आपको बता दूं कि झारखंड से भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा।



**ये रहे मौजूद :** नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, भुन्नू महतो, डॉ हेमलाल मेहता, विनोद कुमार महतो, चित्रगुप्त महतो, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, मो आजाद अंसारी, महेश ठाकुर, महेंद्र मुंडा, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, तालकेश्वर महतो, बीरू साहू, अरुण वर्मा, लालजी रमण, आफताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, अरविन्द सिंह देवल, नयनतारा उरांव, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुजीत उपाध्याय, लीना वर्मा, संजय राय, फरीद खान, परवेज आलम, सुजीत कुजुर, विलियम रिचर्ड लकड़ा, अनमोल रतन सांचा, एजाज शाह, प्रदीप मिर्धा, राजेश सिंह, परविंदर नामधारी, जावेद अख्तर अंसारी, नवीन तिर्की, अनिल पासवान, मकेश्वर राम महली, प्रदीप उरांव, सोनू मुंडा, विश्वजीत गोप, ,गोपाल पांडे, मंटू पांडे, अख़्तर मंसूरी, अरविंद ठाकुर, साहिल यादव, लक्ष्मण राम, इबादत अंसारी, अरुण तिर्की, कृष्णा तिर्की आदि थे।

# अब हमें परिवर्तन का प्रबंधक बनना चाहिए : डॉ कुजूर

## एक्सआइएसएस एवं स्विचऑन फाउंडेशन ने किया मूव फॉर अर्थ सिंपोजियम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस), और स्विच ऑन फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान निकालने और स्थिरता की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए मूव फॉर अर्थ सिम्पोजियम का आयोजन शुक्रवार को संस्थान परिसर में किया गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण से सम्बंधित विषयों की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, झारखंड राज्य के हितधारकों ने इस सिम्पोजियम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सकारात्मक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था।




एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने स्वागत भाषण में कहा, एक्सआईएसएस को स्विचऑन फाउंडेशन के साथ पर्यावरण से सम्बंधित इस साझेदारी पर गर्व है। इस प्रयास से हम अर्थशास्त्र, सामाजिक और पर्यावरण के तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करते हैं और अब हमें परिवर्तन के प्रबंधक बनना चाहिए। सिम्पोजियम में चंद्र शेखर, आईएएस, सचिव, ग्रामीण विकास, ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम पर अपने विचार रखते हुए स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक, विनय जाजू ने कहा- मूव फॉर अर्थ सिम्पोजियम के माध्यम से, हम सरकार, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों, छात्रों, शिक्षाविदों, किसानों, एसएचजी सहित विभिन्न हितधारकों को शामिल करके समुदायों के भीतर स्थिरता को बढ़ावा देना चाहते हैं। हरित उद्यमियों का झारखंड के पर्यावरण के लिए व्यावहारिक चर्चा में शामिल होना आवश्यक है। इस मौके पर डॉ राज श्री वर्मा, सहायक प्रोफेसर, एक्सआईएसएस ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विवान शौर्या ने पेंटिंग में जीता अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डोरंडा रांची के रहने वाले कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के 7 साल के विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा के बल पर झारखण्ड का नाम अंतरास्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। इन्होने इस उम्र में विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता अल्टीमेट एक्सप्रेशन २०२३ पिकासो आर्ट कांटेस्ट में अपनी कला प्रतिभा के बल पर स्टार आर्टिस्ट का अवार्ड प्राप्त किया है। ये प्रतियोगिता 2014 से प्रतेक वर्ष आयोजित की जा रही है` इस वर्ष प्रतियोगिता में 35 देशों से 1000 से अधिक प्रतिभागीओं ने भाग लिया था जिसमे अमेरिका, जापान, इटली, हांगकांग, कनाडा, तुर्की, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, रोमानिया, बुल्गारिया, सायप्रस, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, श्रीलंका, बांग्लादेश, उक्रेन एवं अन्य देश शामिल हैं जिसमे 6 से 10 वर्ष वाले ग्रुप में 7 वर्षीय विवान ने इस प्रतियोगिता में अपने देश और राज्य का गौरव बढ़ाते हुए ये पुरस्कार प्राप्त किया है विवान को 100 में से 98 अंक प्राप्त हुए हैं जिसके लिए इन्हें स्टार आर्टिस्ट सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट प्रदान किया गया। विवान ने इसमें लगातार चौथी बार स्टार आर्टिस्ट का पुरस्कार जीता है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने किया 'ऋण चुकाओ एवं ऋण पाओ' शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल की टांगर, मांडर एवं कुडू शाखा द्वारा गुरुवार को लुंडरी पंचायत में केसीसी से संबंधित 'ऋण चुकाओ एवं ऋण पाओ' शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन, एनबीजी झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार, रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, एसएलबीसी झारखंड के उपमहाप्रबंधक अनिल जाधव एवं उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली विभाग) सुनीत कुमार आदि उपस्थित थे।




बैंक के कार्यपालक एवं महाप्रबंधक मनोज कुमार ने उपस्थित कृषकों को बैंक द्वारा दी जा रही योजनाओ को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही, कृषकों को विस्तार से यह भी बताया कि कैसे वे समय पर ऋण चुका कर ब्याज दर पर सरकार द्वारा दी जा रही छुट का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में कृषकों के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। शिविर में बड़ी संख्या में ऋण का समायोजन किया गया एवं नये केसीसी के लिए आवेदन जमा

## डीएसपीएमयू में सिंडिकेट की 17वीं बैठक आयोजित

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को सिंडिकेट की 17वीं बैठक आयोजित की गई। इसके तहत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निम्न एजेंडो को अपनी सहमति प्रदान की। इसके तहत गत 13 सितंबर 2023 को संपन्न 16 वीं सिंडिकेट की बैठक में प्रस्तुत एजेंडों की संपुष्टि की गई। साथ ही इस बैठक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित किए जानेवाले प्रथम दीक्षांत समारोह और तीसरे ग्रेजुएशन समारोह की तिथियों को संपुष्ट किया गया।

## कैंब्रिज बीएड कॉलेज के प्रशिक्षणार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर दिल्ली गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन अनगड़ा के बीएड व डीएलएड के कुल 44 प्रशिक्षुओं का दल शुक्रवार को 8 दिन के शैक्षणिक भ्रमण पर रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। यह दल दिल्ली होते हुए देहारदून, मसूरी, ऋषिकेश जायेगा। इस दौरान प्रशिक्षुओं को ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के अलावे पर्यटन स्थलों का दौरा कराया जायेगा। दल में शामिल सहायक प्रध्यापक सत्येश कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली के इंडिया गेट, संसद भवन, लोटस टेंपल के भ्रमण के बाद दल के सदस्य दौरान केम्प्टी फॉल, मसूरी झील, कैमल बैक रोड, मॉल




रोड, लक्ष्मण झूला, राम झूला, लच्छीवाला, सहस्त्रधारा, धनोल्टी आदि महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेगा। प्रतिवर्ष नये प्रशिक्षुओं के दल को भारतवर्ष के विभिन्न ऐतिहासिक, प्रकृतिक, एवं शैक्षणिक महत्व वाले स्थलों का दौरा कर उन्हें काफी कुछ सिखने का मौका मिलता है। शैक्षणिक भ्रमण दल में परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येस कुमार सिंह, प्रो जसिता गुड़िया, प्रो अनिता मेहता व मिलन कुमार भी हैं। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह व प्रशशिका राशिका नवनीत सिंह ने सभी को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में हुई सरस्वती पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में विद्या की देवी हंसवाहिनी मां सरस्वती की पूजा मंत्रोच्चार एवं आरती के साथ संपन्न हुई। छात्रों ने मां भारती की पूजा या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरुपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः का गान कर बुद्धि, बल एवं यश की कामना की। मंत्रोच्चार के बीच मां हंसवाहिनी की विधिवत पूजा की गयी। पूजा स्थल पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, श्रीमती दीपा बंका, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने मां सरस्वती से विद्या एवं उज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

## शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन ने मनायी अपनी पहली वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन ने पहली वर्षगांठ मनायी। हटिया में निफ्ट के बगल में स्थित गोदरेज इंटिरियो का एक्सक्लूसिव शोरूम शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन अपने प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर ग्राहकों को 30 प्रतिशत की छूट दे रहा है।

शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन के संचालक विजय कुमार सिंह सहित उनके पुत्र विकास कुमार और परिवार के अन्य सदस्यों ने कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक रत्नेश कुमार झा, अनमोल कुमार, हेमंत कुमार, राजीव प्रकाश, रोबिन राज समेत कई लोगों की उपस्थिति में केक काटकर सालगिरह की खुशियां मनायी। अपने पहले वर्ष में ही शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन ने झारखंड



का नंबर वन शोरूम होने का गौरव प्राप्त कर लिया है। गोदरेज कंपनी ने इसे झारखंड के बेस्ट शोरूम के सम्मान से नवाजा है।

बता दें की गोदरेज इंटीरियो फर्नीचर और फर्निशिंग के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है, जो पिछले कई वर्षों से ग्राहकों को एक उचित कीमत पर क्वालिटी प्रोडक्ट देकर संतुष्ट करती आ रही है।

शिव शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशन अपने सालगिरह के इस मौके पर शहर में पहली बार रिमोट संचालित बेड की लांचिंग की, जिसकी कीमत 1 लाख 30 हजार है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के बेड रांची में सिर्फ यहीं उपलब्ध हैं। इस मौके पर सभी ग्राहकों को हर खरीदारी पर छूट के अलावा एक निश्चित उपहार दिया जा रहा है। यहां पर ग्राहकों को मात्र 2999 रुपये में रिक्लाइनर पाने का बेहतरीन मौका दिया जा रहा है। इंटीरियर की विशाल रेंज के साथ बेहतरीन सोफा सेट मात्र 25 हजार और डाइनिंग मात्र 26 हजार से शुरू है, जो हर खरीदारों की पहुंच में होगी।

## एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने शुक्रवार को एचईसी मुख्यालय से धुर्वा गोलचक्कर तक रैली निकाली। इस रैली में हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोशन लिमिटेड (एचईसी) के सभी मजदूर शामिल हुए। पहले यह रैली बिरसा चौक तक निकाली जानी थी। लेकिन समिति ने धुर्वा गोलचक्कर तक ही रैली निकाली। बता दें कि एचईसी के अफसर और कर्मचारी एक माह से आंदोलन कर रहे हैं। बकाये वेतन, ठेका श्रमिकों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल करने सहित अन्य मांगों को लेकर एचईसी के कर्मचारी निगम मुख्यालय के सामने एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज सभी कर्मचारियों ने एचईसी मुख्यालय से लेकर गोलचक्कर तक रैली निकाली।




## खबर एक नजर में

### खान विभाग में 49 डीएमओ सहित भूतत्ववेत्ता बदले गये

**रांची।** खान विभाग ने शुक्रवार की देर शाम जिला खनन पदाधिकारियों के साथ भूतत्ववेत्ताओं का तबादला कर दिया है। विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। इडी की राडार में आये साहिबगंज के डीएमओ विभूति कुमार को साहिबगंज से गुमला भेज दिया गया है।

### डीएवी आनंदस्वामी स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता



**रांची।** डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल हेहल में कक्षा 3 से 7 तक के बच्चों के लिए स्कूल एरा के द्वारा शुक्रवार को पेंटिग प्रतियोगिता का आयोाजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 735 बच्चों ने भाग लिया। मौके पर अतिथि स्कूल की प्रिंसिपल रोजी बड़वानी ने स्कूल एरा की टीम की सराहना की और कहा कि बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करने से उनकी प्रतिभा का सही आकलन होता है और उन्हें सही मार्गदर्शन मिलता है।

### आनंद मार्ग जागृति भवन में सेमिनार आयोजित

**रांची।** आनंद मार्ग जागृति भवन में आचार्य संपूणार्नंद अवधूत ने गुरुदेव श्री श्री आनंदमूर्ति की प्रतिकृति पर माल्यार्पण कर दो दिवसीय सेमिनार का उदघाटन शुक्रवार को किया। मुख्य प्रशिक्षक ने आर्थिक गतिशीलता विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मनुष्य को धर्म की शिक्षा देने के साथ आर्थिक सुव्यवस्था की बात बतानी चाहिये। उन्होंने कहा कि संतुलित अर्थव्यवस्था में ही मनुष्य धर्म साधना कर सकता है। उन्होंने बताया कि संतुलित अर्थव्यवस्था के लिये पूज्य गुरुदेव ने प्रगतिशील उपयोग तत्व प्रउत सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। आर्थिक सुव्यवस्था में सौ प्रतिशत रोजगार की बात होनी चाहिये। आर्थिक मंदी समाज में न आये। इसलिए रोजगार के साधन व अवसर बढ़ाने होंगे। हर व्यक्ति के हाथ समुचित क्रयशक्ति होनी चाहिए जो पूंजीवादी व साम्यवादी अर्थव्यवस्था में संभव नही है। इसलिए देश को कॉपोर्रेटिव अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना होगा। प्रउत अर्थव्यवस्था कॉपोर्रेटिव अर्थव्यवस्था की हिमायत करता है। सेमिनार के विषय में आध्यात्मिक और सामाजिक अर्थनैतिक विषय शामिल हैए क्योंकि गुरुदेव मानव जीवन के लिय अध्यात्म के साथ सामाजिक आर्थिक व्यवस्था को महत्व देते हैं। सेमिनार का संचालन विजय ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य गणधीशानंद अवधूत ने दी है।

### मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन



रांची। विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन पूरे धूमधाम से शुक्रवार को किया गया। स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के अलावा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित देवी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने सबसे पहले हवन कर देवी मां को आहुति दी। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद प्रतिमा विसर्जन का दौर शुरू हुआ। मौके पर श्रद्धालु गीतों की धुन पर माता की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते दिखे। इस दौरान छात्राओं की टोली स्कूल-कॉलेज की प्रतिमा लेकर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए पूरे उत्साह से निकली। विसर्जन को लेकर सबसे अधिक उत्साह छात्राओं में देखा गया। श्रद्धालु मूर्ति को शहर के तालाबों और नदियों में ले गए और देवी मां की मूर्ति को जलाशयों में विसर्जित कर दिया।

## आज का राशिफल
### 17 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : अष्टमी 08:17 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : कृत्तिका 08:46 बजे समाप्त। **योग** : इंद्र 13:43 बजे समाप्त। **करण** : बव 08:17 बजे तक, तदनंतर बालव 20:12 बजे समाप्त। **सूर्य** : कुंभ राशि में। **चंद्रमा** : वृष राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृष** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मिथुन** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कर्क** : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**सिंह** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**तुला** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर हो सकती है।

**धनु** : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**मकर** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा।

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा ने किया सूर्य सप्तमी समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शुक्रवार को सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में सूर्य सप्तमी समारोह मनाया गया। सरोवर नगर देवी मंडप रोड स्थित सूर्य मंदिर सह भास्कर भवन में भगवान सूर्यदेव का पूजन आयोजन हुआ। यजमान की भूमिका में पल्लव नटराज व वंदना मिश्रा सपत्नीक एवं पुरोहित की भूमिका में पंडित कृष्णकांत पाठक थे। पूजन के बाद महासभा का वार्षिक अधिवेशन शुरू हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता अमिताभ कुमार पांडेय ने की। महासभा के रांची जिला इकाई के अध्यक्ष विभाकर मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र ने मंत्री का प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष शशि भूषण मिश्र ने वार्षिक लेखा-जोखा का प्रतिवेदन पटल पर रखा। विजयानंद सरस्वती, डॉ अर्चना पाठक, इंदु देवी, वंशीधर मिश्र, पंडित बसंत ब्यास ने अपने विचार रखे। वर्ष 2024-26 के नयी कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें विभाकर मिश्र को अध्यक्ष, दिग्विजय पाठक व उमाकांत मिश्र उपाध्यक्ष, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र मंत्री, इन्दु मिश्र व अरविन्द कुमार मिश्र सह मंत्री, शशिभूषण मिश्र संगठन मंत्री, संजय कुमार पाठक कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार पुटू मीडिया प्रभारी चुना गया।

## हेमोल्यटिक उरेमिक सिंड्रोम के कारण किडनी फेल मरीज का पारस एचइसी हॉस्पिटल में सफल इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक 50 वर्षीय पुरुष मरीज मिर्गी, बेहोशी और बुखार की समस्या के साथ इमरजेंसी में लाया गया। इमरजेंसी में मरीज काफी इरिटेबल था। मरीज को तत्काल पारस एचइसी अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराया गया। पारस अस्पताल में डॉ अशोक कुमार बैद्य ने मरीज की जांच की और पाया कि उसके किडनी काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण मरीज का यूरीन कम पास हो रहा था।

पारस एचइसी अस्पताल के प्रबंधन ने बताया कि इसके बाद डॉ बैद्य की सलाह पर मरीज के खून की जांच की गयी। हीमोग्लोबिन एवं प्लेटलेट्स काफी कम और सीरम एलडीएच बहुत बढ़े हुए पाये गये। इस बीमारी को



हेमोल्यटिक उरेमिक सिंड्रोम कहा जाता है। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ बैद्य की निगरानी में पारस अस्पताल में तत्काल प्लाज्मा फेरेसिस डायलिसिस और ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। प्लेटलेट्स को नियंत्रित करने के लिए मरीज के प्लेटलेट्स भी ट्रांसफ्यूज किये गये।

2 से 3 दिनों के नियमित इलाज के बाद मरीज का हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स सामान्य स्तर पर आ गया और मरीज इरिटेबल नहीं था। मरीज को आइसीयू से निकालकर सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। मरीज का यूरीन भी सामान्य रूप से पास होने लगा। मरीज अब बेहतर महसूस करा रहा था। पारस अस्पताल में मरीज का दो दिनों तक फॉलोअप करने के बाद उसे कुछ जरूरी सलाह देने के बाद पारस अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी गयी है। ओपीडी में एक सप्ताह बाद फॉलोअप करने पर और ज्यादा सुधार पाया गया।

पारस एचइसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया की पारस एचइसी अस्पताल में मरीजों का विशेष ख्याल रखा जाता है। मरीजों की स्थिति के अनुसार हमारी टीम उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहती है। हमें गर्व है कि अब प्रदेश के किडनी रोगियों को इलाज के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**मांडर।** रांची-मेदनीपुर मुख्यपथ पर स्थित शर्मा फर्नीचर के निकट हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना शुक्रवार शाम की है। घायलों में एक अनीस उरांव 20 वर्ष कंदरी चील टोली का रहने वाला है और दूसरा 20 वर्षीय प्रकाश उरांव सुरसा का रहनेवाला है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक से मांडर से मिशन की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में तेज गति के कारण आगे चल रहे एक डीजे वाहन से टकरा गये। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने घायल अवस्था में सड़क पर पड़े दोनों युवकों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

### खखरा के पूर्व पंचायत अध्यक्ष का निधन

**ठाकुरगांव।** झामुमो के खखरा पंचायत के पूर्व पंचायत अध्यक्ष बाबूलाल पाहन 55 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। जानकारी के अनुसार वे विगत एक महीने से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनके निधन पर झामुमो के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु, शमीम बड़ेहार, कुदरत अंसारी, फलिंद्र मुंडा, मुखिया दशरथ उरांव, कुशेन्द्र पाहन आदि ने गहरा दु:ख प्रकट किया है।

### रामवि बारीडीह में विद्यार्थियों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता

**इटकी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह में सरस्वती पूजा धूमधाम से बनाया गया। मौके पर छात्र छात्राओं के बीच चित्रांकन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण व चित्रांकन प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य विजय बहादुर सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालक पामेला मारीक ने किया। मौके पर अंजय कमल, कुमारेश ईवा, बंदना लकड़ा, रीता दासए श्वेता जैन, प्रीतिलता मुंडू, राजन कुमार ठाकुर सहित विद्यालय परिवार मौजूद थे।

### बीडीओ-सीओ ने किया मैट्रिक परीक्षा का निरीक्षण

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार और सीओ सच्चिदानंद कुमार वर्मा ने शुक्रवार को प्रखंड के रामटहल चौधरी उच्च विद्यालय तुरमुली में चल रहे मैट्रिक परीक्षा का निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों ने केंद्र में सभी कमरों की विस्तृत जांच की। साथ ही केंद्राधीक्षक व वीक्षकों से सख्ती से कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित कराने का निर्देश भी दिया। मौके पर सीओ ने कहा कि जो भी छात्र कदाचार करते पकड़े जाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि उक्त परीक्षा केंद्र में अनियमितता की सूचना मिली थी।

### अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बुंडू।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर प्रखंड मुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा को ज्ञापन सौंपा। मुखिया संघ के सदस्यों ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायत में अबुवा आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन करने में घोर लापरवाही बरती गयी है।

## अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची में गड़बड़ी का आरोप

# ग्रामसभा के निर्णय के उल्लंघन से ग्रामीणों में आक्रोश, बिचौलिये हावी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुंडू।** भाकपा माले पांचपरगना एरिया सचिव शुकदेव मुंडा ने बयान जारी कर कहा है कि झारखंड सरकार का अबुआ आवास योजना में लाभुकों की चयनित सूची त्रुटिपूर्ण है। बेसहारा और बेघर परिवारों को अबुआ आवास योजना में प्राथमिकता देने के बजाय संपन्न परिवारों को चयनित सूची में शामिल किया गया है। बुंडू प्रखंड में इस योजना में सैकड़ों गड़बड़ी होने की आंशका है। पांचवीं अनुसूची जिला में लोकसभा ना विधानसभा सबसे ऊपर ग्रामसभा उक्ति गलत साबित हो रहा है। ग्रामसभा के निर्णयों का उल्लंघन खुलेआम दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों - कर्मचारियों द्वारा हो रहा है। प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभा से प्रस्तावित सूची को ताक पर रख कर तो कहीं फर्जी ग्रामसभा कर विचौलिया मनमानी घुस, पैरवी द्वारा आवास स्वीकृति दी जा रही है। इसके खिलाफ प्रखंड की जनता में आक्रोश है। भाकपा माले सर्वहारा वर्ग के साथ अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 19 फरवरी 2024 को उपरोक्त विषय के साथ जनता की अन्य ज्वलंत विषयों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय के समक्ष लोकल कमेटी के तत्वावधान में किया जाएगा।

### मांडर : अबुआ आवास योजना में अनियमितता बरते जाने का विरोध

**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे पंचायत भवन में ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्राम्बे पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक की मौजुदगी मे अबुवा अवास योजना के लाभुकों के चयन मे भारी अनियमितता बरते जाने का पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों के सवाल का जवाब देते हुए ब्राम्बे पंचायत के मुखिया अनिता देवी ने कहा कि अबुआ अवास लाभुकों की जो सूची हमें दी गई है वह ना तो ग्राम सभा द्वारा पारित है और ना ही मेरे द्वारा दी गई है। लाभुकों की यह चयन सुची जिला द्वारा खुद से चयन कर भेजा गया है। जिसके कारण टूटे फुटे घर मे रहने वाले गरीब लोगों का नाम इस सूची में छूट गया है। मौके पर मौजुद मांडर बीडीओ ने भी कहा कि यह सूची जिले से भेजी गई है। जिसके कारण कई गांवों से इस तरह की शिकायत आ रही है। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवी इरशाद इमाम ने कहा कि जिले में मौजूद अधिकारियों द्वारा राज्य की जेएमएमए कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए जान बुझकर इस तरह की अनियमितता बरती जा रही है। इसका असर दिखने भी लगा है। इस योजना से राज्य सरकार का जितना नाम नहीं हो रहा है। उससे कहीं ज्यादा बदनामी हो रही है।



### अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड में उबाल

**सोनाहातु/राहे।** सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर सोनाहातू और राहे प्रखंड में उबाल मचा हुआ है। ग्रामप्रधान, पंचायत जनप्रतिनिधियों और आम जनता में अबुआ आवास योजना के सूची को लेकर असंतोष है। ग्रामप्रधान का कहना है कि जो सूची ग्रामसभा से दिया गया है, उसकी प्राथमिकता नही दी गई है। जनप्रतिनिधियों के आरोप है कि सूची कैसे बना जानकारी नही दिया गया है। आम जनता का आरोप है कि संपन्न लोगों का प्राथमिकता दिया गया है। अबुआ आवास योजना को लेकर राहे प्रमुख लीलमनी देवी के नेतृत्व प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया गया ।धरना के बाद मांग पत्र बीडीओ को सौपा गया। इधर सोनाहातू प्रखंड के बारुहातू पंचायत सचिवालय में ग्रामप्रधान संघ ने बैठक किया जिसमें असंतोष जाहिर किया। मौके पर मुंडा कृष्णा सिंह भोकेश्वर सिंह मुंडा गोपाल सिंह मानकी कार्तिक सिंह मानकी फोनिभूषण सिंह मुंडा युगल किशोर सिंह मुंडा मदन सिंह मुंडा ब्रजकिशोर सिंह मानकी जीवाधन सिंह मुंडा हरिहर सिंह मुंडा देवेन्द्र सिंह मुंडा सुधीर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

### मानदेय की मांग को ले कर वार्ड सदस्यों ने ओरमांझी के बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी वार्ड सदस्य शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा के नेतृत्व में बीडीओ विजय कुमार से मिले और मानदेय की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। वार्ड सदस्यों ने राज्य सरकार पर पंचायत प्रतिनिधियों को ठगने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार द्वारा मानदेय देने की बात कही गई थी। पंचायती चुनाव जीत के आए अब दो वर्ष होने को हैं। एक माह का भी मानदेय नही मिला है। वहीं संघ के अध्यक्ष ने कहा कि इसी वर्ष चुनाव है, तो क्या चुनाव बाद पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय मिलेगा। कहा कि जल्द मानदेय नहीं मिला तो वार्ड सदस्य संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा। बीडीओ को ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के सचिव सोनालाल महतो, सुनीता देवी, सोनी प्रवीन, नीसा टोप्पो, पतिरना बेगम, महेंद्र उरांव, कुलेश्वर करमाली, विमला देवी, आरती देवी, करमू पाहन, मुकेण पाहन, परमेश्वर गंझु, हुलासो देवी, मीना देवी सहित कई वार्ड सदस्य शामिल थे।

### ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारुहातू पंचायत के पंचायत जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर के मनमानी के खिलाफ गोलबंद होकर बारूहातू उपमुखिया बीणापानी देवी व पंचायत समिति सदस्य रायमनी देवी के संयुक्त नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए डीसी के नाम पर ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग किया। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय आपरेटर द्वारा मनमानी की जाती है।

## बेड़ो के चरिमा गांव में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चरिमा गांव में गुरुवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे पांच जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए मटर, आलू, सरसों, गेहूं, एक बोरिंग व 400 फीट फीता को तोड़ कर और फसलों को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जहां हाथियों ने लाधु उरांव के आलू बुधु एक्का बुधराम लकड़ा चंपा लकड़ा लाभू उरांव व तेम्बू खेस के मटर गेंहू व सरसों खाकर व रौंद दिया। इसके बाद हाथियों ने ईंटा गांव में तेम्बा उरांव के गेहूं और अकला महतो के बोरिंग व पानी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं खेतों में रौंदे फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। साथ ही गांव के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। वहीं जिम्मेदार उदासीन हैं। आए दिन हाथियों द्वारा किसानों के तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें चिंता सता रही है कि दुकानदारों व बैंक का कर्ज कैसे चुकता करेंगे।

## नम आंखों से दी मां शारदे को विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटकी।** इटकी क्षेत्र में शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के साथ ही सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर पूजा समितियों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गयी। दरहतांड़, महतो टोली, बनिया टोली, सियार टोली, शंकरी हाई स्कूल, शिशु विद्या मंदिर सहित अन्य पूजा समितियों के लोग गाजे बाजे के साथ नाचते-गाते केसरी नया तालाब पहुंचे। जहां आरती के बाद सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। शोभायात्रा में पूजा समिति के लोगों के अलावे प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह, ऐनुल हक खान, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, हाजी तस्लीम, देवेंद्र महतो, अजीत केसरी, सईद अंसारी, कमेश बर्मन, बीके सिन्हा, राजकुमार महतो, कृष्णा राम तिवारी, लाला खान, मंसूर अंसारी, कलीम अंसारी, बलराम गोप, आकाश सहित शांति समिति व सर्व धर्म सद्भावना समिति के सदस्य शामिल थे।

JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi - 834004

Letter No- JSRRDA-790/2023-637 Dated :- 15.02.2024

CORRIGENDUM (PR No- 314100 dated 22.12.2023)

शुद्धि पत्र

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत पथों के अनुरक्षण एवं विशेष मरम्मति कार्य हेतु ई–पुनर्निविदा संख्या–308 / 2023– 24 (पैकेज संख्या– JH-M-LOH-06/ 2023-24 (PR No- 314100 dated 12.12.2023) में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

1. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 19.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे के स्थान पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 21.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि :– 20.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे के स्थान पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 22.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
3. अन्य सभी कंडिका यथावत् रहेंगी।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,रांची

PR 319223 Rural Work Department(23-24).D

## संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद को लेकर किया सड़क जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू/राहे।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल आव्हान पर ग्रामीण भारत बंद को लेकर किसान सभा के कार्यकताओं ने राहे . सिल्ली सड़क को सुबह 6 बजे से 4 बजे तक जाम रखा। हालांकि छोटे वाहनों को आने जाने की छूट थी। व्यापारीक और बड़े यात्री वाहन को रोक रखा जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। किसान सभा के सुफल महतो के नेतृत्व में ठूंगरडीह गांव के समीप सड़क जाम किया गया था। इधर सोनाहातू बाजार के सामने किसान सभा ने सुबह से 11 बजे तक जाम किया। किसान एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे थे।

## ओरमांझी में मां सरस्वती की प्रतिमा का किया विसर्जन



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विविभन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी द्वारा शोभ यात्रा निकाल कर प्रतिमा का ग्राम भ्रमण कराते हुए ओरमांझी तालाब में विजर्सन किया गया। शोभायात्रा में शामिल छात्राएं झुमते व नृत्य करते प्रतिमा का विसर्जन करने जा रहे थे। इसके अलावा लालबहादुर शस्त्री क्लाब पूजा पंडाल में स्थापित माता की प्रतिमा की भी विसर्जन भी किया गया।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, KODERMA

Very Sort e-Procurement Notice

Tender Reference No:- 02/BCD/EE/KODERMA/2023-24 Date:-16-02-2024

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Block Public Health Unit, at Referal Hospital Domchanch under DistKoderma | Rs.50,13,042.00 (Rupees Fifty Lakh Thirteen Thousand Forty Two Only) | 6(Six) Month |
| 2. | Construction of Block Public Health Unit, at Chandwara, DistKoderma | Rs. 50,13,042.00 (Rupees Fifty Lakh Thirteen Thousand Forty Two Only) | 6(Six) Month |
| 3. | Proposed Setting up of Integrated Public Health Laboratory at Sadar Hospital Koderma | Rs.97,72,324.00 (Rupees Ninety Seven Lakh Seventy Two Thousand Three Hundred Twenty Four Only) | 4(Four) Month |
| i. | Date of Publication of Tender on website | 21.02.2024 at 10:00AM | |
| ii. | Last date/Time for receipt of bids | 28.02.2024 up to 3:00PM | |
| iii. | Date & Time of opening of tender | 29.02.2024 at 3:00PM | |
| iv. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma | |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 | |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 | |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR.NO.319204 Building(23-24):D

## बेड़ो : दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन

### महिलाओं में खुशी का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव स्थित दुर्गा पूजा स्थल के परिसर में शुक्रवार को मां दुर्गा की मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। प्रस्तावित मां दुर्गा के मंदिर निर्माण के लिए बजरंगबली का झंडा व तुलसी का पौधा लगाकर पूजन किया गया। ज्ञात हो कि 32 वर्षों के बाद गांव के महिलाओं द्वारा यहां दुर्गा पूजा व सरस्वती पूजा किया गया। महिलाओं ने कहा कि यहां ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि गांव की मातृ शक्ति ने संकल्प लिया है तो मां दुर्गा का मंदिर का निर्माण कार्य अवश्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है। मौके पर ज्योति गुप्ता शांति देवी राधा देवी चिरंजीवी देवी रीना देवी संतोषी देवी सर्वपति देवी चांदनी देवी बुधन देवी सुमंती देवी बबिता देवी सविता देवी सुकरमनी कुमारी श्वेता देवी शकुंतला देवी राधा देवी रीता देवी फुलेश्वरी देवी सरिता देवी मुनिता देवी सीता देवी गौरी साहू अनिल साहू विनोद साहू कृष्णा साहू प्रमोद साहू कई ग्रामीण मौजूद थे।



हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक 1 से 9 का वित्तिय वर्ष 2024–2025 (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) एवं क्रमाक 09 वित्तिय वर्ष 2024–2025 से 2026–2027 तक के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 22.02.2024 को. 01:00 बजे पुर्वाहन से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15.02.2024 से 21.02.2024 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन के साथ शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है:–

| क्र. स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंक ऑफ बडौदा के समाने दोपहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 75,000 | 7,500 |
| 2 | कुणाल नर्सिंग होम से सरदार चौक तक टैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 25,35,500 | 2,53,550 |
| 3 | इन्द्रपूरी चौक से कल्लू चौक तक टैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 7,75,000 | 77,500 |
| 4 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा के सामने वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 1,79,000 | 17,900 |
| 5 | बैंक ऑफ इण्डिया के समीप वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 69,000 | 6,900 |
| 6 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पश्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2024–2025 | 1,18,000 | 11,800 |
| 7 | समहरणालय से पश्चिम बगोदर रोड एवं उत्तर झील रोड बी.एड कॉलेज तक वाहन पडाव की निलामी। | 2024–2025 | 2,63,000 | 26,300 |
| 8 | काली बाडी मीठा तालाब सब्जी बाजार की निलामी। | 2024–2025 | 13,51,000 | 1,35,100 |
| 9 | छडवा डैम की निलामी। | 2024–2025 से 2026–2027 | 8,11,000 | 81,100 |

–डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगरनिगम, हजारीबाग के पद नाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
–किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एव किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
–सफल डाक वक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
–यदि उक्त डाक के संबंध मे एक ही आवेदन प्राप्त होता है तो पूर्व में किये गये बन्दोबस्ती की राशि में 5% की राशि वृद्धि करते हुए बन्दोबस्ती किये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।
–डाक की शेष नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 319034 Urban Development and Housing(23-24)#D

# सोनाहातू में 5.50 करोड़ से बनेगी 6.8 किमी सड़क

### विधायक सुदेश महतो ने रखी निर्माण कार्य की आधारशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के तेतला गांव में सड़क निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जाड़ेया तेतला पतराहातू तक 6०8 किलोमीटर सड़क का निर्माण 5 करोड़ 50 लाख से बनाया जायेगा। इस दौरान विधायक निधि से जिन्तुडीह गांव में 4 लाख 18 हजार से 300 फीट निर्माण कार्य तथा वनडीह गांव में 4 लाख 18 हजार की लागत से पीसीसी सड़क का शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लासए स्टूडेंट्स बस सेवा लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है।हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है।प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा।गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर सुनील सिंह संजय सिर्द्धार्थ चितरंजन महतो अशोक महतो सुषेन प्रामाणिक बुधेश्वर महतो महादेव महतो विदेशी महतो आदि मौजूद थे।

# जानने का हक

भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जारी किये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स योजना पर रोक लगा दी है, जो संविधानसम्मत होने के साथ जनअपेक्षाओं के अनुरूप भी है। कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी आदेश दिया है कि वह 6 मार्च, 2024 तक उन सभी राजनीतिक दलों के नाम व प्राप्त राशि निर्वाचन आयोग को बतलाये जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है और इस जानकारी को आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर साझा करे। इस जानकारी से ज्ञात होगा कि किस दल ने किससे और कितनी राशि प्राप्त की है। इस तरह सूचना के अधिकार की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पारदर्शिता एवं चुनावी सुधार की चारों दिशाओं के क्षितिजों का स्पर्श करने वाला यह निर्णय संसदीय प्रणाली के शुद्धिकरण की राह में मील का पत्थर कहा जा सकता है। इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय बेंच ने एकमत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने 2017 में यह योजना एक वित्त अधिनियम के रूप में लोकसभा से पारित कराई गई थी, जिसे 29 जून, 2018 को कानूनन लागू किया गया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था। इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है। निश्चित तौर पर यह पूरा प्रकरण इस दिशा में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। आज चुनाव काला धन का खेल बनता जा रहा है जिस पर नियंत्रण आवश्यक है। सभी क्षेत्र में एक रचनात्मक और क्रांतिकारी सुधार की आवश्यकता है।


# किसान आंदोलन बार-बार

किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरू कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कांटेदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए।

पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। । किसानों को गिरफ्तार करना गलत है। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरू हुआ था। इस आंदोलन के पीछे जो लोग लगे हैं उनके उदेश्यों में देश विरोधी भावना छिपे होने के संकेत का मिलना काफी खतरनाक है।

# श्रम कानून नहीं मजदूरों की योग्यता भी बढ़ें





- भरत झुनझुनवाला

> पश्चिमी देशों में उद्यमी को छूट है कि वह अपनी मर्जी से श्रमिकों को रख सकता है अथवा बर्खास्त कर सकता है। इसलिए पश्चिमी देशों में उद्यमी के लिए कुशल श्रमिक को रखना और अकुशल श्रमिक को बर्खास्त करना, दोनों ही आसान हैं। श्रम कानून में इस दिशा में कोई सुधार नहीं किया गया है। इसलिए यह लेबर कोड नये रोजगार उत्पन्न करने में सहायक नहीं होगा। उद्यमी अधिकाधिक मशीनों का उपयोग करते रहेंगे और हमारे श्रमिकों के रोजगार के अवसर घटते ही जायेंगे।

वर्तमान में देश में लगभग 40 श्रम कानून लागू हैं। सरकार ने इन्हें समेट कर 4 लेबर कोड में संकलित कर दिया है। इन नये कानूनों को एक अप्रैल से लागू होना था, जिसे सरकार ने चुनाव के कारण कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया है। चुनाव के बाद इन्हें शीघ्र ही लागू किये जाने की पूरी संभावना है। इन लेबर कोड को बनाने के पीछे सरकार की मंशा श्रम कानूनों को सरल करने की थी, जिससे कि देश के उद्यमियों के लिए श्रमिकों को रोजगार देना आसान हो जाए और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अधिक संख्या में रोजगार उत्पन्न हो सकें।

लेबर कोड के प्रावधानों में कुछ श्रमिकों के पक्ष में हैं तो कुछ उनके विपरीत हैं। जैसे यदि किसी श्रमिक को कोई आरोप लगाकर मुअत्तल किया जाता है तो अब व्यवस्था कर दी गयी है कि 90 दिन में उसकी जांच पूरी की जायेगी। पूर्व में ग्रेच्युटी कई वर्षों के बाद लागू होती थी, जिसे अब एक वर्ष के बाद लागू कर दिया गया है। अल्पकाल के लिए रखे गये श्रमिकों को अब वे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो स्थाई श्रमिकों को उपलब्ध हैं। ये प्रावधान श्रमिकों के हित में हैं इसके विपरीत उद्यमों को बंद करने अथवा श्रमिकों की छंटनी करने के लिए पूर्व में 100 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों के लिए सरकार से अनुमति लेनी जरूरी थी। अब इसे 300 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों पर लागू किया गया है। 100 से 300 श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों को सरकार से अनुमति लेने से मुक्त कर दिया गया है। यह श्रमिकों के विपरीत है। इस प्रकार नया लेबर कोड मिश्रित है।

देखना यह है कि नये लेबर कोड से रोजगार उत्पन्न करने को कितना प्रोत्साहन दिया जाएगा? इसके लिए हमें समझना होगा कि उद्यमी द्वारा रोजगार किन परिस्थितियों में उत्पन्न किये जाते हैं। उद्यमी को सस्ता माल बनाना होता है, जिससे कि वह बाजार में अपना माल बेच सके। सस्ता माल बनाने के लिए जरूरी है कि वह उत्पादन में श्रम की लागत को कम करे। उसके लिए जरूरी है कि वह श्रम की उत्पादकता बढ़ाये, यानी एक श्रमिक से ही पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन कराए। जैसे एक श्रमिक पूर्व में 10 मीटर कपड़ा एक दिन में बुनाई करता था वही श्रमिक यदि अब 20 मीटर कपड़ा बुनाई करने लगे तो उद्यमी की उत्पादन लागत कम हो जाती है और वह बाजार में अपने सस्ते माल को बेच पाता है।

लेकिन अधिक उत्पादन करने के कारण अब कम श्रमिकों की जरूरत पड़ती है। मान लीजिये पूर्व में उद्यमी प्रतिदिन 100 मीटर कपड़ा एक दिन में बेच पाता था और वह 10 मीटर प्रति श्रमिक की दर से 10 श्रमिकों को रोजगार देता था। उत्पादकता बढ़ाने के बाद उसी 100 मीटर कपड़े का उत्पादन करने के लिए अब 20 मीटर प्रति श्रमिक की दर से उसे केवल पांच श्रमिकों की जरूरत होगी। इस प्रकार सस्ते माल और रोजगार के बीच सीधा अन्तर्विरोध है। यदि माल सस्ता बनाते हैं तो रोजगार कम होते है।

चीन का माडल इससे भिन्न था जो विशेष परिस्थितियों में लागू हुआ था। चीन ने श्रमिक की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ अपने बाजार का भारी विस्तार किया। जैसे मान लीजिये पूर्व में चीन में एक श्रमिक 10 मीटर कपड़े की बुनाई करता था, उत्पादकता बढ़ाने के बाद वह 20 मीटर कपड़ा बुनने लगा। लेकिन इसी अवधि में चीन का बाजार 100 मीटर से बढ़कर 400 मीटर हो गया तो 400 मीटर कपड़े का उत्पादन करने के लिए बढ़ी हुई उत्पादकता के बावजूद 20 श्रमिकों की जरूरत पड़ेगी। 20 श्रमिक 20 मीटर कपड़ा प्रतिदिन बुनेंगे तब 400 मीटर कपड़े का उत्पादन होगा। इस प्रकार यदि बाजार का भारी विस्तार होता रहे तो श्रमिक की उत्पादकता के बढ़ने के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ सकते हैं। लेकिन यह विशेष परिस्थिति थी जब चीन ने विश्व बाजार पर अपना प्रभुत्व बनाया था। यदि बाजार का तीव्र विस्तार न हो तो उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के बढ़ने की संख्या निश्चित रूप से घटेगी।

कटु सत्य यह है कि यदि श्रम की उत्पादकता बढ़ाई जाती है तो सीमित बाजार होने के कारण रोजगार घटते हैं और यदि श्रम की उत्पादकता नहीं बढ़ाई जाती है तो उद्यमी के लिए श्रम के स्थान पर मशीन का उपयोग करना लाभप्रद हो जाता है और पुनः रोजगार में गिरावट आती है। इन दोनों कठिन विकल्पों के बीच हमें श्रम की उत्पादकता तो बढ़ानी ही पड़ेगी। यदि श्रम की उत्पादकता नहीं बढ़ाई जायेगी तो उद्यमी स्वचालित मशीनों का उपयोग करेगा और श्रमिक पूरी तरह बाजार से बाहर हो जाएगा।

श्रम की उत्पादकता बढ़ाने के दो प्रमुख उपाय हैं। एक यह कि उत्तम मशीनों का उपयोग किया जाये, जिससे कि उसी कुशलता के स्तर का श्रमिक अधिक उत्पादन कर सके। दूसरा यह है कि श्रमिक की कुशलता में विस्तार किया जाए। अक्सर उद्योगों में देखा जाता है कि श्रमिक पूरी तत्परता और मनोयोग से काम नहीं करते। वर्तमान श्रम कानून में व्यवस्था है कि यदि कोई उद्यमी श्रमिक को बर्खास्त करना चाहे तो उसे प्राकृतिक न्याय के अनुरूप उसकी सुनवाई करनी होती है और उसके बाद श्रम न्यायालय में उसका विवाद चलता है, जिस भय के कारण उद्यमी अक्सर श्रमिक को रखना ही नहीं चाहते। लेबर कोड ने श्रम कानून की इस बाधा को दूर नहीं किया है।

पश्चिमी देशों में उद्यमी को छूट है कि वह अपनी मर्जी से श्रमिकों को रख सकता है अथवा बर्खास्त कर सकता है। इसलिए पश्चिमी देशों में उद्यमी के लिए कुशल श्रमिक को रखना और अकुशल श्रमिक को बर्खास्त करना, दोनों ही आसान हैं। श्रम कानून में इस दिशा में कोई सुधार नहीं किया गया है। इसलिए यह लेबर कोड नये रोजगार उत्पन्न करने में सहायक नहीं होगा। अपने देश के श्रमिक चीन आदि देशों के श्रमिकों की तुलना में अकुशल हैं और उनकी कुशलता में सुधार करने के लिए लेबर कोड असफल है। ऐसे में अपने देश में श्रम की उत्पादकता न्यून स्तर पर बनी रहेगी, उद्यमी अधिकाधिक मशीनों का उपयोग करते रहेंगे और हमारे श्रमिकों के रोजगार के अवसर घटते ही जायेंगे। इस दिशा में लेबर कोड में मूल चिन्तन बदलने की जरूरत है।

## खास बात

### जानने का हक

यह दुर्भाग्यपूर्ण है जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि इस योजना में किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया। इस तरह सरकार ने इसे जनता की पहुंच से दूर रखा है जिसके कारण इसकी विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दोनों ही संदेहों के घेरे में रही। इस योजना के नियमों के अनुसार एसबीआई की निर्दिष्ट शाखाओं से 1000 रुपये, 10,000 रुपओ 1 लाख, 10 लाख और एक करोड़ रुपए तक के बॉड्स खरीदे जा सकते हैं। इसकी वैधता 15 दिनों की है जिस अवधि में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत पंजीकृत एवं पिछले चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट पाने वाले दलों को प्राप्त सहयोग राशि का इस्तेमाल करना जरूरी है।

इस बाबत कई वकीलों, सामाजिक कार्यकताओं, सिविल सोसायटियों तथा चुनावी सुधार के पक्षधरों ने आरोप लगाया था कि इसके माध्यम से कार्पोरेट घराने, व्यवसायी एवं वे लोग जो सरकारों से अपने काम कराना चाहते हैं, ये बॉड्स खरीदकर राजनीतिक दलों से नजदीकियां बढ़ा सकते हैं। इस बात पर इसलिये सहज विश्वास किया जा सकता है क्योंकि भाजपा सरकार की कारोबारी व उद्योग जगत से नजदीकियां ज्ञात हैं। बाद में यह बात सही भी साबित हुई क्योंकि भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा प्राप्त हुआ- करीब 5300 करोड़ रुपये। लोग जानना चाहते हैं कि चंदा देने वाले कौन हैं और उन्होंने कितना चंदा दिया है। इन्हीं शंकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट को दो याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। एक तो थी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (2017) की एवं दूसरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (2018) ने दाखिल की थी। इन दोनों में ही कहा गया कि इससे देशी-विदेशी चंदे की बाढ़ आ जायेगी जिसके जरिये चुनावी भ्रष्टाचार को वैध बनाया जायेगा। इसे रिश्वतखोरी भी कहा गया।


। जो सम्पत्ति बटोरी है उसके कारण उसे चुनाव लड़ने में विरोधी दलों के मुकाबले बढ़त मिल जाती है। भाजपा को मिली उपरोक्त राशि के मुकाबले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को केवल 952 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को लगभग 768 करोड़ तथा एनसीपी को सिर्फ 63.75 करोड़ रुपए मिले हैं। सही है कि इलेक्टोरल बॉड्स योजना से कमोबेश अनेक दल लाभान्वित हुए हैं लेकिन माना जाता है कि

**अपनी** गलतियों पर
हम बहुत अच्छे वकील
हैं, और
दूसरों की गलतियों पर
बहुत अच्छे न्यायाधीश !! :)
**-अनुपम खेर अभिनेता**

## आपके X ट्वीट

झारखंड में सभी महिलाओं एवं एससी-एसटी वर्ग के पुरुषों के लिए पेंशन की उम्र सीमा घटा कर 50 वर्ष कर दी गई है। हमारा प्रयास है कि ये लोग बिना किसी पर निर्भर हुए सम्मानजनक जीवन जी सकें। **- चंपई सोरेन सीएम**





सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे
**-स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

# अहिरावण से आस

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

रावण ने सोचा अहिरावण के पास चलता हूं। रावण अहिरावण के पास गया। अहिरावण यह जानकर प्रसन्न हुआ कि राक्षसराज रावण मेरे पिता मेरे पास आए हैं। उसने कहा पिताजी आप मेरे पास आ गये यह बहुत बड़ी बात है। मैं आपके लिये क्या करूं ?संसार में जो बड़ी से बड़ी सेवा है वह कहिए मैं करने को तैयार हूं। रावण ने सारी कहानी सुना दी। कुम्भकर्ण की मौत सहित लंका में जो कुछ हुआ वह सुना दिया। सबकुछ सुनकर अहिरावण ने कहा पिताजी आपको चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं आज रात जाऊंगा और राम-लक्ष्मण का हरण कर पाताललोक लेकर आ जाऊंगा। यहां मैं दोनों का वध कर दूंगा। आप जाइये निश्चिंत रहिए। इतनी मेरी सिद्धियां हैं। ऐसा कहकर वह रामादल के लिये चल दिया। रात्रि में सारी सेना के बीच राम और लक्ष्मण एक चबूतरा पर सोये हुए थे। हनुमान जी मशाल लेकर चारों ओर पहरा देते थे। अचानक लोगों की नजर पड़ी तो राम और लक्ष्मण शयन स्थल पर नहीं थे। यह क्या हो गया? ये लोग अभी यहीं सोये थे अचानक कहां चले गये? लोग अगल-बगल खोजने लगे लेकिन कहीं भी नहीं मिले। थोड़ी देर में कोहराम मच गया। पहरा पर हनुमानजी थे। जामवंत जी ने पूछास कि हनुमान जी बाहर से कोई आया था क्या? नहीं मैं तो पहरा पर हूं। कोई आदमी बाहर से नहीं आया है। आखिर क्या हुआ वे लोग कुछभी समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर ये दोनों कहा कहां गये?

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड

**आधी आबादी से भेद ...**



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### जिम्मेदार बनायें

**देश** में लोक सभा चुनाव घोषणा के 20 दिन शेष हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों में जनता के लिए लुभावने घोषणा पत्र लाने की होड़ है। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां प्रयत्न करती हैं हकीकत के धरातल पर हर वादा पूरा करना संभव नहीं होता। जनता इन घोषणा पत्रों के जाल में फंस कर ठगा-सा महसूस करती है। प्रलोभन राजनीतिक दलों द्वारा पूरे किए जाएं। **- पूनम, रांची**

### नेताओं को छूट

**हर** राज्य की सरकार ने आम जनता के लिए कोरोना गाइडलाइन बनाई है, ताकि संक्रमण नहीं बढ़े। मध्य प्रदेश में भी आम जनता के लिए गाइडलाइन बनी है। लेकिन मंगलवार को मध्य प्रदेश के दमोह उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में जनसभा को सम्बोधित किया। नेताओं के लिए कौन गाइडलाइन बनाएगा। **- प्रदीप दुबे, जमशेदपुर**

# विश्व बाजार में सस्ता- महंगा का खेल

**आलोक पुराणिक**

## व्यंग्य

**सब** पैसे के भाई। भारत और सऊदी अरब का याराना हाल में गहरा हुआ, पर अब मामला उलटी दिशा में चल रहा है। हुआ यूं कि 2020 में कोरोना के चक्कर में कच्चे तेल का भाव बहुत डूब गया, भारत ने सस्ते रेट में बहुत तेल खरीद कर अपना तेल रिजर्व मजबूत किया। तेल रिजर्व मजबूत करके रणनीतिक स्थिति मजबूत की जाती है, उसमें रखा तेल संकटकालीन परिस्थितियों में इस्तेमाल किया जाता है। कच्चा तेल फिर महंगा होने लगा तो भारत ने सऊदी अरब से कहा-थोड़ा सस्ता लगा लो, हम पुराने कस्टमर हैं। सऊदी अरब ने ताना मारा-वो तेल इस्तेमाल कर लो ना जो पहले ही सस्ता खरीद करके जमा किया है।

भारत ने अब अमेरिका से कच्चे तेल की सप्लाई बढ़ा दी। सऊदी अब उतना बड़ा सप्लायर न रहा। मामला कुछ-कुछ वैसा हो गया कि बरसों से शर्मा जनरल स्टोर से माल खरीदते थे, एक दिन बगल में वर्मा जनरल स्टोर खुल गया, वह सस्ता माल देने लगा तो बरसों के रिश्ते छोड़कर वमार्जी की तरफ निकल लिये। चार पैसे जेब में बचते हैं तो वो ठोस दिखते हैं, दोस्ती रिश्ते हवाई बातें हैं। मूल बात है कि हम ग्राहक हैं। चार पैसे सस्ता दे कोई, तो वहां निकल लेंगे।

एक चाइनीज फोन के ब्रांड एंबेसडर हो गये विराट कोहली। किसी इंडियन ब्रांड ने उतने पैसे न दिये, दिये होते तो खालिस इंडियन हो जाते कोहली। इंडियन कोई मुफ्त में न होता, मुफ्त तो कोई कुछ भी न होता। मुफ्त में सिर्फ वादे मिलते हैं, सो लिये जाओ, दे दनादन। देश में राष्ट्रीयता के भी मूल्य हैं भाई। विचारधारा का मूल्य तो आप सब महसूस कर ही रहें हैं। यानी सब कुछ बिकाउ है खाली कड़कड़िया नोट चाहे वह एक नंबरी हो या दो नबंरी आपके पास होना चाहिए।




सस्ता तेल कहीं और से मिलेगा, तो वहां से ले लेंगे जी। वहां के मुकाबले कहीं और से सस्ता मिलेगा तो वहां से ले लेंगे जी। नोट सत्यम्, सब मिथ्या। दीवार के अमिताभ बच्चन-शशि कपूर डायलाग स्टाइल में सऊदी अरब कह सकता है कि मेरे पास तेल के कुएं हैं, कच्चा तेल है, तेरे पास क्या है भारत। इसके जवाब में भारत ने कहा-मेरे पास नोट हैं, नकद है, जहां फेंक दूंगा वहां से कच्चा तेल मिल जायेगा। अमिताभ बच्चन का मुंह बंद हो जाता। डायलागबाजी में कुछ न रखा, नोट छापो और नोट अंदर करो। चीन का सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स पिछले साल इन दिनों ताल ठोकता था कि भारत को मार गिरायेंगे, भारत को पटक लेंगे। अब यहां टिकटाक समेत कई चीनी ब्रांड मार गिराये गये तो चीन की जेब में चोट पड़ी है। जेब पर चोट बड़ी चोट होती है। हर कोई न झेल सकता। चीन से अब ढिशुम-ढिशुम की आवाजें उतनी न आतीं।

सो सऊदी अरब के पास तेल है, भारत के पास रकम है। रकम है, तो अमेरिका भी दोस्त बन जाता है। दुनिया में रिश्ता एक ही अटल है-ग्राहक और दुकानदार का। बाकी सब रिश्ते आने-जाने हैं। सस्ता माल दो, तो ही अपने, वरना तो बेगाने हैं।

दोस्ती बचायेंगे, अगर उससे नोट बचते हों तो। नोटों से दोस्ती आती है, दोस्ती से हर हाल में नोट न आते, और अगर ना आते, तो दोस्ती काहे की।

# दाम कम होने से आलू किसानों की परेशानी बढ़ी

**सिद्धार्थ**

## कृषि

झारखंड,उत्तर प्रदेश सहित देश में एक बार फिर आलू किसानों के सामने कीमतों का संकट खड़ा होने लगा है। बंपर फसल के अनुमान के साथ ही इस बार भी बाजार में दामों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है।

फरवरी के पहले हफ्ते से ही प्रदेश में आलू की अगैती फसल बाजार में आनी शुरू हो गयी है और उसी के साथ ही दामों का गिरना भी। इस बार फसल के बोने के समय अक्टूबर में हुई बारिश के चलते अगैती आलू की फसल खराब भी हुई थी। इसके बाद किसानों ने दोबारा आलू बोया और बंपर पैदावार की उम्मीद जाग गई थी। बीते साल खुले बाजार में आलू की कीमत 25 से 30 रुपये किलो तक पहुंच गई थी। अच्छी कीमत की आस लगाए बैठे किसानों ने एक बार बीज खराब हो जाने के बाद भी दोबारा बुआई की थी।

हालांकि इस सीजन में अगैती की फसल के बाजार में आते ही दामों का गिरना भी शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि मंडी में आलू 7-8 रुपये किलो बिक रहा है जबकि उनसे खरीद बमुश्किल 5-6 रुपये किलो पर की जा रही है। उनका कहना है कि बाजार में हालात बीते साल से भी खराब है जब कम से कम 10 रुपये किलो का भाव अगैती फसल को मिला था। आलू की पछैती फसल अगले 15 दिनों में बाजार में होगी और तब कीमतें और भी नीचे जाएंगी।

हाथरस में आलू के बड़े आढ़ती पवन कुमार सलूजा बताते हैं कि इस बार वायदा भाव ही कम चल रहा है तो उम्मीद की जा सकती है मार्च में होली के आसपास किसानों को आलू पांच रुपये ही बेचना पड़ेगा।

हालांकि उनका कहना है कि अभी खुले बाजार में उपभोक्ताओं को आलू 15 रुपये किलो से कम नहीं मिल रहा है पर आने वाले दिनों में इसमें भी गिरावट दिखेगी। सलूजा बताते हैं कि इस बार अगैती की फसल आने से पहले से ही बाहरी राज्यों से आलू की आमद शुरू हो गई।

सबसे पहले कर्नाटक से आलू आना शुरूहुआ और फिर अन्य राज्यों से। ऐसे में उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए नुकसान की स्थिति आ गई।

आलू किसान करण सिंह बताते हैं कि डाई खाद, बीज, गुड़ाई, बुआई और सिंचाई के बाद आलू की उत्पादन लागत कम से कम 7 रुपये किलो बैठ रही है। बाजार में भाव के वर्तमान हालात पर उन्हें घाटा ही हो रहा है। कोल्डस्टोरों में भंडारण का खर्चा बहुत आ रहा है जो कम से कम 230 रुपये बोरा बैठता है।

उद्यान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में इस बार आलू का रकबा बढ़ा है और पैदावार भी बढ़ेगी। इस सीजन में विभाग ने आलू बुआई का लक्ष्य 6.20 लाख हेक्टेयर रखा था जिसके मुकाबले 6.22 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई है। इस साल आलू की पैदावार भी 160 लाख टन के पार जाने का आकलन है जो बीते साल से दो लाख टन ज्यादा है। आलू किसानों की बदहाली को देखते हुए प्रदेश मे विधानसभा चुनावों के मौके पर राजनीतिक दलों नें सरकारी खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग उठानी शुरू कर दी है।

किसानों को लागत मूल्य सात रूपये किलो बैठता है अगर प्राकृतिक अनुकूल रही तब। ऐसे में सस्ती सब्जी भले मीडिल क्लास को अच्छी लगे लेकिन देश के दस करोड़ किसानों के लिये यह परेशानी लाती है। विगत दिनों हो रहे लगातार वर्षा और ठंड बढ़ने से उनकी कठिनाई बढ़ती ही जा रही है।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कांग्रेसियों ने किसानों के समर्थन में किया चक्का जाम

## दर्जनों कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सौजन्य से प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी के नेतृत्व में किसान आंदोलन के समर्थन में बरही चौक पर चक्का जाम कर दिया। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के निर्देश पर आंदोलन किया गया।

कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कॉर्पोरेट और बड़े उद्योग घरानों के साथ इकरारनामे के साथ काम किया जा रहा है। ताकि उन घरानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है।



सड़क पर उतरे कांग्रेसी।

कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसान आंदोलन में किसान की मौत के बाद भी अब तक उन्हें कोई मुआवजा नही मिला है।

किसान अब जब सड़क पर उतरे हैं तो आंसू गैस छोड़कर उन्हें डराया जा रहा है। स्थिति को देखते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने आंदोलनकारी कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर थाना परिसर में ले आयी। साथ ही उन्होंने सीआरपीसी 151 के तहत छोड़ दिया गया।

मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, किसान प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, किसान मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, उदय केशरी, राजू राणा सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### नम आंखों से दी गई मां शारदे को विदाई



पूजा करते विद्यार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** माता सरस्वती की पूजा आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में श्रद्धा भक्तिभाव से संपन्न होने के बाद शुक्रवार को मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन शिवाने नदी में किया गया। इससे पूर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना और खिचड़ी वितरण के बाद बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर एक-दो-तीन-चार सरस्वती मां की जय जयकार, एक साल में आती है, विद्या देकर जाती है जैसे नारे लगाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। छात्र-छात्राएं विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को नम आंखों से विसर्जन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भारत जैसे शांति प्रिय देश में मां सरस्वती की पूजा अर्चना नई ऊंचाइयों को छूने में मददगार साबित होगा।

वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि बसंत पंचमी का यह पूरे मानव समुदाय के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं। इस मौके पर डीन एडमिन डॉ एस रथ, एआर एकेडमिक माधवी मेहता, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, डीन एकेडमिक एमके मिश्रा, सीएसआईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ प्रीति व्यास, डॉ आलोक कुमार, डॉ श्वेता सिंह, डॉ एसपी विश्वकर्मा, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सोनी मेहता, डॉ बिनिता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा, रविकांत, राजेश रंजन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### जनजागरण केंद्र ने किसानों को जल एवं मृदा संरक्षण हेतु दिया गया प्रशिक्षण



किसानों को खेती का गुर बताते विशेषज्ञ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** जनजागरण केंद्र बरही के द्वारा पंचमाधव उर्फ बसारिया पंचायत भवन में जल एवं मृदा संरक्षण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बीटीएम राकेश कुमार, एटीएम सुजाता कुमारी, जनजागरण केंद्र समन्वयक चितरंजन महतो, प्रशिक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रशिक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पृथ्वी पर मानव जीवन बनाए रखने के लिए जल जंगल जमीन का संरक्षण करना अनिवार्य है। वृक्षारोपण, मेढ़बंदी, पानी बचाने और गन्दा जल के उचित प्रबंधन की जानकारी उन्होंने दिया। साथ ही जंगल बचाने को कहा। बीटीएम राकेश कुमार ने जमीन में उर्वरा शक्ति बरकरार रखने के सम्बन्ध में बताते हुए, मिट्टी जाँच करने को कहा तथा जैविक द्वारा खेती करने के नियम बताए। उन्होंने बताया कि यूरिया और डी ए पी का प्रयोग कम करें। वहीं चितरंजन महतो ने बीज उपचार करने के तरीके को बताया। उन्होंने जल और मिट्टी को बचाने के तरीको के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे नागेश्वर कुमार, राजेंद्र यादव, सिकेंदर पंडित, राहुल कुमार, रामदेव पंडित, रीना देवी, ममता देवी, पुष्पा शर्मा, सरस्वतीया देवी, खुशबू देवी सहित अन्य किसान उपस्थित हुए।

### करियर काउंसलिंग व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन



सेमिनार में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** करियर काउंसलिंग व मोटिवेशनल सेमिनार को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल हजारीबाग के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पदमा के प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों के द्वारा अलग-अलग प्रेरणादाई कहानियों के माध्यम से ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। छात्रों ने अतिथियों से करियर से संबंधित प्रश्न किये जिनका उत्तर दिया गया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। मंच संचालन और प्रश्नोत्तरी का संचालन मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन ने किया।

### वृद्धा पेंशन जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



रथ रवाना करती उपायुक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना को लेकर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आज समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी इलाकों में जनजागरूकता करेगी।

## श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरहीडीह में श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं के अलावा क्षेत्र के धर्मानुयायी एवं दैव्य उपासक शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। कलश यात्रा में महिलाओं ने बरहीडीह स्थित छठ घाट से जल भरकर हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश उठाया। कलश यात्रा बरही के चारो



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

मार्ग में घूमते हुए पुनः सूर्य मंदिर परिसर पहुंचा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने महायज्ञ समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर की उपस्थिति में महिलाओं को कलश देकर इसका विधिवत शुभारंभ किया। इस बाबत मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में महायज्ञ का आयोजन 16 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के बाद अगले 5 दिनों तक कथा प्रवचन, दो दिन जागरण और दो दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## धूमधाम से मना अंबा प्रसाद का जन्मदिन

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद का जन्मदिन बड़कागांव में धूमधाम से मनाया गया। विधायक समर्थक, प्रशंसकों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने तरीके से विधायक का जन्मदिन मनाया। विधायक अंबा प्रसाद के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन हेतु सर्वप्रथम बुढ़वा महादेव में पूजा अर्चना की। बाबा का जलाभिषेक करके विधायक अंबा प्रसाद के अच्छे स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना किया गया। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में विशेश्वर नाथ चौबे प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा जन्मदिन के अवसर पर विशेष तैयारी की गई। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम के द्वारा केक काटा गया। एक दूसरे को केक खिलाकर विधायक अंबा प्रसाद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

## एक नजर में

### अबुआ आवास में गड़बड़ी को ले उपायुक्त को आवेदन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के आठों पंचायत में अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी को देखते हुए चुरचू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने हजारीबाग के उपायुक्त को आवेदन देकर अवगत कराया है। जिसमें लिखा है कि सरकार के द्वारा अबुआ आवास को लेकर एक मार्ग दर्शन सिद्धांत जारी किया गया था। उसी के आधार पर सभी पंचायतों से सूची को तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया था। उस सूची में छेड़छाड़ कर सरकार के पास भेजा गया।

### विभिन्न श्रमिक संगठनों का एक दिवसीय हड़ताल

**चरही।** विभिन्न मांगों को लेकर कोल इंडिया के विभिन्न श्रमिक संगठनों में एमएमएस, एआईटीयूसी, इंटक और सीटू ने प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को एक दिवसीय हड़ताल हजारीबाग कोयला क्षेत्र में की। सीसीएल के जीएम कार्यालय से लेकर विभिन्न कोयला परियोजनाओं में लगभग दो घंटे तक कार्य को बाधित रखा। एक दिवसीय घोषित हड़ताल में इनकी मुख्य मांगों में कोल इंडिया समेत निजी सेक्टरों में निजीकरण करना सरकार बंद करे, श्रम कानून में संशोधन वापस ले, मेडिकल अनफिट 9.4.0 जल्द लागू हो, कोल इंडिया का शेयर बेचना बंद हो, मेडिकल बिल पर टैक्स काटना बंद हो व काटी गई राशि वापस हो, एमडीओ के तहत खदानों का संचालन बंद हो। किसानों के लागत के दुगुना कीमत एमएसपी के रूप में प्रदान करने के लिए सरकार पर दबाव हो।

### महिलाओं को उज्जवला फाउंडेशन से जोड़कर रोजगार मुहैया कराना प्राथमिकता : जगेश्वर

**कुजू।** बोंगाबार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति शामिल हुए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का जब निर्माण हुआ था, तब इसकी संख्या बहुत कम थी। लेकिन अब सफल कार्यों को देखते हुए महिलाओं का रुझान फाउंडेशन के प्रति काफी बढ़ रहा है। मांडू प्रखंड में दस हजार महिलाओं को उज्जवला फाउंडेशन से जोड़कर उनके बीच रोजगार मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता है।

### बलकुदरा खदान में आठ नया टिपर आने पर हुई विशेष पूजा-अर्चना

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान को आठ नया टिपर मिला है। भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर टिपर का उद्घाटन किया। बलकुदरा खदान को नया टिपर मिलने पर अधिकारी और मजदूरों में हर्ष का माहौल देखने को मिला।

### यूनियन को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा : अनिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव अंनत प्रसाद साहु ने सौंदा डी निवासी अनिल कुमार सिंह को पुनः बरका सयाल प्रक्षेत्र और केंद्रीय कर्मशाला का क्षेत्रीय सचिव मननोनित किया है। युनियन के महासचिव सनत मुखर्जी के निर्देश पर केंद्रीय सचिव अंनत प्रसाद साहु ने अनिल सिंह को मनोनयन पत्र देते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह ने कहा की सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारीपूर्वक निभाता रहा हूं, जो आगे भी जारी रहेगा।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

63वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग (पार्ट–07)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री दुलारचन्द प्रसाद एवं श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 229 | 1. आवेदन क्र0–1001/24<br>2. आवेदक–थानेश्वर महतो , पिता–स्व0 द्वारिका महतो<br>3. ग्राम–उरगी , पोस्ट–भेलवारा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 230 | 1. आवेदन क्र0–1002/24<br>2. आवेदक–छोटेलाल महतो , पिता–भोला महतो<br>3. ग्राम–गाल्होबार (तरवाटांड) , पोस्ट–खरकी , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कांख में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 231 | 1. आवेदन क्र0–1003/24<br>2. आवेदक–सीताराम महतो , पिता–केंयु महतो<br>3. ग्राम–करगालो (बिरगबेड़ा) , पोस्ट–अचलजामू , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–जांघ पर तिल निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 232 | 1. आवेदन क्र0–1004/24<br>2. आवेदक–युगल महतो , पिता–कुंजलाल महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 233 | 1. आवेदन क्र0–1005/24<br>2. आवेदक–विश्वनाथ महतो , पिता–भीम महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 234 | 1. आवेदन क्र0–1006/24<br>2. आवेदक–लखन महतो , पिता–स्व0 धनी महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 235 | 1. आवेदन क्र0–1007/24<br>2. आवेदक–जोधा महतो , पिता–स्व0 तिलो महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 236 | 1. आवेदन क्र0–1008/24<br>2. आवेदक–लीलावती देवी , पति–थानेश्वर महतो<br>3. ग्राम–उरगी , पोस्ट–भेलवारा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट का तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 237 | 1. आवेदन क्र0–1009/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार महतो , पिता–रघुनाथ महतो<br>3. ग्राम–सिरय , पोस्ट–अचलजामु , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238 | 1. आवेदन क्र0–1010/24<br>2. आवेदक–सविता देवी , पति–प्रेमचन्द महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें होंठ में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 239 | 1. आवेदन क्र0–1011/24<br>2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–छोटेलाल महतो<br>3. ग्राम–गाल्होबार टोला तरवाटांड , पोस्ट–खरकी , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के एड़ी में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 240 | 1. आवेदन क्र0–1012/24<br>2. आवेदक–तुलिया देवी , पति–छत्रधारी महतो<br>3. ग्राम–गोविन्दपुरकलां , पोस्ट–गोविन्दपुरकलां , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 241 | 1. आवेदन क्र0–1013/24<br>2. आवेदक–कौलेश्वरी देवी , पति–सेवा महतो<br>3. ग्राम–बेड़ा हरियारा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के उपर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 242 | 1. आवेदन क्र0–1014/24<br>2. आवेदक–मेघलाल महतो , पिता–स्व0 जागो महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 243 | 1. आवेदन क्र0–202/24<br>2. आवेदक–निलकंठ महतो , पिता–धनपत महतो<br>3. ग्राम–डोरियो , पोस्ट–औरा , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री दशरथ महतो एवं श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 244 | 1. आवेदन क्र0–1476/24<br>2. आवेदक–निलकण्ठ महतो , पिता–हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–सिरय , पोस्ट–अचलजामू , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 245 | 1. आवेदन क्र0–1477/24<br>2. आवेदक–उमेश कुमार , पिता–स्व0 बागेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–चन्दवार , पोस्ट–चन्दवार , थाना–मुफस्सिल , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 246 | 1. आवेदन क्र0–832/24<br>2. आवेदक–संतोष कुमार सोनी , पिता–जानकी साव<br>3. ग्राम–उदलू , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 247 | 1. आवेदन क्र0–833/24<br>2. आवेदक–तिलेश्वर महतो , पिता–मानिक महतो<br>3. ग्राम–उदलू , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 248 | 1. आवेदन क्र0–834/24<br>2. आवेदक–सुचिता देवी , पिता–संतोष कुमार सोनी<br>3. ग्राम–उदलू , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 249 | 1. आवेदन क्र0–596/24<br>2. आवेदक–सिकन्दर अली , पिता–निजामुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–बेको , पोस्ट–बेको , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– आयोग द्वारा चिन्हित आन्दोलनकारी सुखदेव प्रसाद यादव एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान एवं शपथ पत्र के माध्यम पहचान के आधार पर। | |
| 250 | 1. आवेदन क्र0–1015/24<br>2. आवेदक–गिरधारी महतो , पिता–धुजा महतो<br>3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–गोसाईं बलिया , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 251 | 1. आवेदन क्र0–1016/24<br>2. आवेदक–सत्यनारायण महतो , पिता–स्व0 मलकू महतो<br>3. ग्राम–चमगढ़ा , पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 252 | 1. आवेदन क्र0–1017/24<br>2. आवेदक–नारायण महतो , पिता–स्व0 रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–महटीकरा, पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 253 | 1. आवेदन क्र0–1018/24<br>2. आवेदक–कुलेश्वर महतो , पिता–स्व0 बिगन महतो<br>3. ग्राम–महटीकरा, पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 254 | 1. आवेदन क्र0–1019/24<br>2. आवेदक–कैलाश कुमार राणा , पिता–राम सहाय राणा<br>3. ग्राम–पकरी बरवाडीह, पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 255 | 1. आवेदन क्र0–1020/24<br>2. आवेदक–राम किशोर राणा , पिता–स्व0 दिनु राणा<br>3. ग्राम–पकरी बरवाडीह, पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना में कट। | कंडिका–2(ix) |
| 256 | 1. आवेदन क्र0–1021/24<br>2. आवेदक–विश्वेश्वर राम , पिता–स्व0 सुगा राम<br>3. ग्राम–नटराज नगर, बड़कागांव, पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलाट माथे में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 257 | 1. आवेदन क्र0–1022/24<br>2. आवेदक–केतर महतो , पिता–काली महतो<br>3. ग्राम–सिकरी , पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 258 | 1. आवेदन क्र0–1023/24<br>2. आवेदक–कमलनाथ महतो , पिता–स्व0 जुगत महतो<br>3. ग्राम–पहरिया , पोस्ट–बड़कागांव , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 259 | 1. आवेदन क्र0–1024/24<br>2. आवेदक–अशोक कुमार , पिता–इन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–कांडतरी , पोस्ट–सौंढ़ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हथेली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 260 | 1. आवेदन क्र0–1025/24<br>2. आवेदक–पैमन राम , पिता–स्व0 नान्हू राम<br>3. ग्राम–चुरचु , पोस्ट–चुरचु , थाना–चुरचु , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 261 | 1. आवेदन क्र0–1026/24<br>2. आवेदक–बिरन यादव , पिता–स्व0 गुमानी यादव<br>3. ग्राम–खुरण्डी , पोस्ट–चुरचु , थाना–चुरचु , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 262 | 1. आवेदन क्र0–1027/24<br>2. आवेदक–कामेश्वर यादव , पिता–स्व0 भोला यादव<br>3. ग्राम–बोदरा , पोस्ट–चुरचु , थाना–चुरचु , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 263 | 1. आवेदन क्र0–1028/24<br>2. आवेदक–दुगी प्रजापति , पिता–स्व0 पयल प्रजापति<br>3. ग्राम–सरिया , पोस्ट–चुरचु , थाना–चुरचु , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पाव में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 264 | 1. आवेदन क्र0–1029/24<br>2. आवेदक–इन्द्रनाथ महतो , पिता–डहर महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 265 | 1. आवेदन क्र0–1030/24<br>2. आवेदक–पारसनाथ महतो , पिता–गांगो महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 266 | 1. आवेदन क्र0–1031/24<br>2. आवेदक–पारसनाथ महतो , पिता–कैला महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 267 | 1. आवेदन क्र0–1032/24<br>2. आवेदक–जीवन प्रकाश महतो , पिता–स्व0 मोहन महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 268 | 1. आवेदन क्र0–1033/24<br>2. आवेदक–रामवृक्ष यादव, पिता–स्व0 नन्दलाल यादव<br>3. ग्राम–जमडीहा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में अण्डा आकार का जला निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 269 | 1. आवेदन क्र0–1034/24<br>2. आवेदक–इन्द्रदेव मिस्त्री , पिता–स्व0 कुलदीप मिस्त्री<br>3. ग्राम–बुजुर्ग , पोस्ट–चुरचु , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 270 | 1. आवेदन क्र0–1035/24<br>2. आवेदक–भूपेन्द्र सिंह , पिता–केदार नाथ सिंह<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 271 | 1. आवेदन क्र0–1036/24<br>2. आवेदक–सत्येन्द्र सिंह , पिता–रामजीतन सिंह<br>3. ग्राम–कारूखाप, निमाडीह , पोस्ट–हेन्देगढ़ा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 272 | 1. आवेदन क्र0–1037/24<br>2. आवेदक–छत्रधारी महतो , पिता–झुमर महतो<br>3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 273 | 1. आवेदन क्र0–1038/24<br>2. आवेदक–केंदु महतो , पिता–स्व0 दिना महतो<br>3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–82 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR.NO.319151 Home(23-24):D

स्पीड न्यूज

## नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा आज से

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिंद सेवा समिति ने भुइयांडीह स्लैग रोड स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएवी स्कूल के पास) में अष्टम सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन 17 से 23 फरवरी तक होने जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। भागवत कथा रोजाना दोपहर 1 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी।

## श्रीश्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**चांडिल।** ईचागढ़ के पातकुम राम मंदिर नवकुंज प्रांगण में सोनार पातकुम परगना सोलो आना नवकुंज कमेटी ईचागढ़ द्वारा आयोजित श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का शुक्रवार को विधायक सविता महतो व राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने उद्घाटन किया। नौ दिवसीय श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन के राधा कुंज में विधायक सविता महतो ने पूजा पाठ कर क्षेत्र की मंगलकामना की। विधायक ने कहा कि निजी स्तर से नवकुंज मंदिर निर्माण में सहयोग करेंगे। मौके पर एसडीएम गिरजा शंकर महतो, काबलु महतो, निताई उरांव, कालिदास आदित्यदेव, सपन सिंह देव, मनोरंजन महतो, अमित सिन्हा, पशुपति बागची उपस्थित थे।

## अबुआ आवास की सूची में अनियमितता : मुखिया



**चांडिल।** अबुआ आवास की सुची में भारी अनियमितता से योग्य लाभुक इससे वंचित हो रहे हैं। ग्राम सभा से चयन किया गया योग्य लाभुक को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। चांडिल पंचायत क्षेत्र में ऐसे कई योग्य लाभुक है जिसको आवास की निहायत जरूरी है। ग्राम सभा से चयन किये गये योग्य लाभुक को इसका लाभ नहीं मिलना ग्राम सभा के अधिकारों का हनन है।

## जब्बार-शरण्या ने किया आरवीएस का नाम रोशन





**जमशेदपुर।** आर वी एस एकेडमी ने कहा है कि उसके उत्कृष्ट छात्रों ने वर्ष 2024 में आयोजित जेईई मेन्स में उल्लेखनीय 99 .56 प्रतिशत और 81.94 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, शफकत जब्बार और शरण्या शेखर ने स्कूल की उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। दोनों अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान अनुकरणीय छात्र रहे हैं। दोनों ने सीखने के प्रति अपने जुनून को लगातार प्रदर्शित किया है। शफकत जब्बार ने 99 .56 परसेंटाइल और शरण्या ने 81.94 परसेंटाइल स्कोर किया है।

## बारीडीह में हवन के साथ गायत्री महायज्ञ संपन्न



**जमशेदपुर।** ओल्ड बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान में चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ का अंतिम दिन लगभग 2500 परिजनों द्वारा हवन पूजा के साथ समाप्त हुआ। यज्ञीय वातावरण का अंतिम दिन पूर्णाहूति के साथ साथ अश्रु नेत्रों से शांतिकुंज से आए प्रज्ञा पुत्रों की विदाई की गयी। आज का आयोजन बहुत ही भव्य था। पूणार्हुति के बाद लगभग 3000 भाई बहन भोग प्रसाद के द्वारा तृप्त हुए।

## डीसी अनन्य मित्तल से मिला सिंहभूम चेंबर

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम के नये उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात की। उन्हें इस दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

# हनुमान विद्यावान थे और विद्यावान व्यक्ति निडर होता है : स्वामी हृदयानंद गिरी


## वैष्णोधाम, उल्दा में हनुमान महायज्ञ का सातवां दिन : हे महाबली हनुमान, प्रभु तेरी महिमा निराली है... भजन पर झूमे भक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां एनएच-33 उल्दा, गालुडीह अवस्थित वैष्णोधाम में श्री हनुमान महायज्ञ का आज सातवां दिन था। सातवें दिन प्रवचन देते हुए जम्मू से आये स्वामी हृदयानंद गिरि महाराज ने भक्तों को विद्वान और विद्यावान में फर्क बताया। उन्होंने कहा कि रावण बहुत विद्वान था। वह चारों वेद और छह शास्त्र का ज्ञाता और प्रचंड बलशाली था किन्तु वह अखक्कड़, घमंडी और हृदय से काला है। यहीं उसे वेद और शास्त्र तो पढ़ लिए किन्तु अपने दिल को स्वच्छ नहीं करपाया। इसीलिए उसने श्रीराम प्रभु की धर्मपत्नी सीता मइयां का अपहरण कर लिया और लंका लाकर उन पर अत्याचार किया जबकि हनुमान जी विद्यावान है। हनुमान विनम्र हैं और उनकी नजर पवित्र है। वे विद्यावान है इसीलिए लंका में कैद सीता मइया से प्रभु श्रीराम की भें ट करवाते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि रावण विद्वान था कि न्तु उसे हमेशा डर सताता था कि कहीं कोई दुश्मन उसकी लंका नष्ट न कर दें जबकि विद्यावान प्रभु हनुमान नीडर हैं, वे जब लंका में रावण के दरबार में जाते हैं तो पाते हैं कि वहां सभी देवी-देवता रावण के आगे सिर झुकाये हुए हैं। काल को उसने अपने पैरों से दाब रखा है तो कुबेर खुद उसके खजाने की रखवाली कर रहे हैं। अन्य देवी देवता रावण के दरबार में हाथ जोड़े खड़े हैं किन्तु विद्यावान हनुमान जी नीडर होकर रावण के सामने खड़े हैं। वे डरते नहीं हैं। जो भी व्यक्ति विद्यावान होगा वह नीडर रहेगा जैसे प्रभु हनुमान नीडर हैं।

इसके बाद स्वामी जी ने हनुमान जी की शान में भजन प्रस्तुत किया- हे महाबली हनुमान, प्रभु तेरी महिमा निराली है, अब कर दो मेरा कल्याण, प्रभु तेरी महिमा निराली है...। इस भजन को गाते वक्त स्वामी जी ने जम कर करताल बजाया तो उनके साजिंदों ने अपने वाद्य यंत्रों ने मधुर संगीत बिखेरी जिसे सुन भक्त मुग्ध हो गये।





प्रवचन सुनाते स्वामी हृदयानंद गिरी और प्रवचन सुनते यजमान राजकिशोर साहू व भक्तगण।

स्वामी जी ने भक्तों को बताया कि बिन गुरु ज्ञान संभव नहीं है। जीवन में सफल होना है तो ज्ञानी को अपना गुरु बना लो। जिनका गुरु नहीं होता उनका जीवन व्यर्थ है। जिनका गुरु नहीं होता वो व्यक्ति जहां बैठता है वो जगह भी अपवित्र हो जाता है। गुरु आपको चित्त स्थिर करने में मदद करता है, आपका मार्गदर्शन करता है, आपको सद्भार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

स्वामी जी ने बताया कि मंदिरों और धाम में देवी-देवता का दर्शन करते वक्त कुछ देर आंखें स्थिर रख प्रतिमा को देखनी चाहिए। उसके बाद कुछ देर के लिए आंखें मूंद लें, भगवान व देवी की प्रतिमा हमेशा-हमेशा के लिए आपके दिल में बस जायेगी।

**दिल्ली से आये दीपक और शुभ्रा अरोड़ा के कत्थक नृत्य देख मुग्ध हुए भक्त :** हनुमान महायज्ञ के सातवें दिन प्रवचन के पश्चात नयी दिल्ली से दीपक अरोड़ा-शुभ्रा अरोड़ा की टीम ने कत्थक के जरिए शिव-पार्वती बंदना प्रस्तुत की। इसके बाद अन्य भजनों पर उन्होंने कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर भक्तों को मुग्ध कर दिया। दीपक-शुभ्रा की टीम में सदस्य थे : दीपक अरोड़ा, शुभ्रा अरोड़ा, रुथ अरोड़ा, सोहना सिंह, साज, अंशिका और विदूषी।

# मैट्रिक और इंटर परीक्षा केंद्रों का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

- डीडीसी और एसडीओ संग शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 06 फरवरी से चल रहे हैं। परीक्षा आयोजन के क्रम में कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा के साथ सीएम स्कूल ऑफ एक्ससेलेंस, साकची स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।



सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में परीक्षा का निरीक्षण करते डीसी।

इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्राधीक्षक और वीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान ही प्रवेश पत्र की जांच सख्ती से करना सुनिश्चित करें, कदाचार ना हो, इसे भी सुनिश्चित करेंगे।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने मौके पर केंद्राधीक्षक से कितने छात्र परीक्षा दे रहें हैं, कितने अनुपस्थित हैं की जानकारी ली। परीक्षा केंद्र के विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को देखा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला बरेलिया, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रानी गुप्ता ने किया नये उपायुक्त का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** समाजसेवी रानी गुप्ता औपचारिक रूप से पूर्वी सिंहभूम जिला के नए उपायुक्त अनन्य मित्तल का आज केंद्रीय शांति समिति, पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति एवं सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड से जुड़ी समाजसेवी रानी गुप्ता की ओर से पुष्प कुछ देकर अभिनंदन किया गया। मौके पर विभा सिंह, नीतू सिंह, सविता कुमारी, सुधा मिश्रा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नये कवर में पुरानी किताब मंत्रिमंडल : अनिल मोदी



**जमशेदपुर।** झारखंड में शुक्रवार को चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार पर अपनीं प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने इसे नये कवर में पुरानी किताब करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार में अधिकांशत: पुराने चेहरों को लिया गया है। नयी सरकार का जो जोश मंत्रिमंडल में दिखना चहिए था वो नदारद है। मंत्रिमंडल विस्तार में अनुसूचित जाति की पूर्णत: उपेक्षा की गयी है। अनुसूचित जाति शायद इस सरकार की प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन जी नें शपथ लेते हि इसे हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार कहा था। जब पार्ट वन के मुखिया जेल में है तो ऐसे में पार्ट 2 का भविष्य क्या होगा यह समझा जा सकता है। उन्होंने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए यह उम्मीद जाहिर की है कि यह सरकार जनता से किये गये अपने वायदे पूरा करेगी।

### भगवान भास्कर के जन्मदिन पर हुई पूजा-आरती



**जमशेदपुर।** भगवान सूर्य देव के जन्मदिवस पर शुक्रवार को सूर्य धाम मंदिर में भगवान भास्कर सूर्य देव जी का पूजा आचार्य पंडित सतीश जी और पंडित मनोज मिश्र ने कराया और हवन जे बाद आरती कर पूजा को संपन्न किया गया। उपस्थित श्रद्धालु के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।

### महान कथावाचक पिंदरपाल जी जमशेदपुर पहुंचे



**जमशेदपुर।** धन-धन बाबा दीप सिंह जी के शहीदी समागम को समर्पित पंथ के महान कथावाचक भाई पिंदरपाल सिंह जी का जमशेदपुर में आगमन हुआ। सबसे पहले इन्होंने जेम्को गुरुद्वारे में आकर मत्था टेका और इनके साथ जेम्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी मेंबर उपस्थित थे। शनिवार और रविवार को ये अपनी कथा विचारों के साथ संगत को निहाल करेंगे। जम्को आजाद बस्ती की संगत ने इनके आगमन पर जोरदार स्वागत किया। मौके पर उपस्थित जगदीश सिंह, जोरावर सिंह, शरणजीत, गुरमुख, लाडी, राजेंद्र, करनदीप सिंह और अन्य उपस्थित थे।

### मास्टर एथलिट अंचितम दा ने जीता एक और सिल्वर



**जमशेदपुर।** महाराष्ट्र प्रदेश के पुणे शहर में स्थित छत्रपति शिवाजी स्टेडियम में चल रहे पांच दिवसीय 44वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 2024 का चौथा दिन झारखंड के लिए कामयाबी का रहा। शुक्रवार को चौथे दिन के स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए 70 प्लस आयु वर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर एथलीट अचिंतो प्रमाणिक एक और रजत पदक जीतने में कामयाब हुए। उन्होंने आज 2000 मीटर स्टेपल चेंज कि दौड़ प्रतियोगिता में एक और रजत पदक जीता। उन्होंने अब तक कुल एक स्वर्ण, दो रजत पदक के साथ कुल तीन पदक जीता है। मौके पर मौजूद मास्टर एथलीट शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दिया। मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव संजीव कुमार तोमर ने बताया चौथे दिन के स्पर्धाओं की समाप्ति पर अब तक टीम के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं।

### दुर्घटना में कांग्रेसी नेता आफताब सिद्दिकी घायल



**चांडिल।** शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे कांग्रेस नेता एवं बन्ना गुप्ता के विधायक प्रतिनिधि रहे आफताब सिद्दीकी चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 हुमीद में गिरधारी होटल के पास सड़क पार कर रही एक गाय को अपनी कार से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें गाय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गाड़ी पलटने से गाड़ी में सवार कांग्रेस नेता आफताब सिद्दीकी भी गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई। भाजपा नेता विकास सिंह को जैसे ही उनके सहयोगी संदीप शर्मा ने फोन पर जानकारी दी वे आफताब को जमशेदपुर लाने की व्यवस्था की और खुद टीएमएच पहुंच कर उन्हें भर्ती करवाया। विकास सिंह ने बताया कि कार चार बार पलटी है किन्तु सीट बेल्ट लगाये होने के चलते आफताब बच गये।

## राममंदिरम बिष्टुपुर के चुनाव में पुरानी कमेटी को दी गयी चुनौती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्रीराम मंदिरम, बिष्टुपुर प्रबंध समिति के चुनाव में एम भास्कर राव एंड टीम ने मौजूदा टीम को जबर्दस्त चुनौती देने का निर्णय लिया है। आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एम भास्कर राव ने कहा कि हम लोग राम मंदिरम और तेलुगु समुदाय के प्रति पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश से राम मंदिरम चुनाव में भाग ले रहें है। राम मंदिरम तेलुगु समुदाय के लिए एक गौरवपूर्ण और पवित्र स्थान है जिसका इतिहास 100 वर्षों से अधिक पुराना है और हमारा उद्देश्य ऊजार्वान युवाओं को मंदिरम गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि मन्दिरम के इतिहास, हमारी संस्कृति और परंपराओं को पूरी तरह से समझ सके और उनका पालन करे।

## किसानों पर आंसू गैस, प्लास्टिक बुलेट चलाना पीएम के लिए शर्मनाक : कांग्रेस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़े पैमाने पर कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति मां जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागण के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय से बिष्टूपुर मेन रोड में मोदी सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि मोदी सरकार के अगुवाई में अन्नदाता किसानों को आतंकवादियों की तरह घेरा जा रहा, पीटा जा रहा है, आंसू गैस छोड़े जा रहे हैं, ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है, प्लास्टिक की गोलियों से मरा जा रहा है, किलें लगायी जा रही है, 30 लोग जख्मी हो गए हैं। कुछ लोग के आंखों में बुलेट प्लास्टिक के लग चुके हैं। उनका जीवन बर्बाद हो गया है क्या हम अपने किसानों पर इस प्रकार अत्याचार करेंगे और सहेंगे क्या यही केंद्र सरकार है, सावधान होने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, के के शुक्ल, अमरजीत नाथ मिश्र, जितेन्द्र सिंह, संजय यादव, सफी अहमद खान, अपर्णा गुहा, मो सलीम, ज्योति मिश्र, अतुल गुप्ता, ऊषा यादव, कुमार, गौरव, अंसार खान, नलिनी कुमारी, गुरदीप सिंह, इंतिखाब वास्ती, सन्नी सिंह, प्रशेनजीत सेन, मुन्ना मिश्र, आशीष ठाकुर, रंजीत सिंह, रीता शर्मा, संजय घोष, गड्डी दोवी, संजय सिंह आजाद शामिल हुए।

# औद्योगिक हड़ताल के समर्थन में ट्रेड यूनियनों ने निकाला जुलूस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को देश भर में हुए औद्योगिक हड़ताल के समर्थन में जहां इंटक, एटक, सीटू एवं अन्य वामपंथी ट्रेड यूनियनों ने डीसी ऑफिस पर जाकर प्रदर्शन किया वहीं विष्टुपुरस्थित पोस्टल पार्क के समीप संध्या साढ़े पांच बजे बैंक और बीमा कर्मचारियो ने संयुक्त रूप से रैली का आयोजन किया। डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन का नेतृत्व इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय कर रहे थे।




डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करने जाते इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, एटक, सीटू एवं अन्य यूनियनों के सदस्यगण।

मोदी सरकार की जनविरोधी और मजदूर विरोधी व विनाशकारी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा, केन्द्रीय ट्रेड यूनियनो एवं स्वतंत्र फेडरेशनों का संयुक्त मंच ने आज अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया है।

## विधायक बैद्यनाथ राम का नाम मंत्रिमंडल से हटाने पर आक्रोश

**लातेहार।** मुख्यालय में चेमर्स ऑफ कॉमर्स, ओबीसी मोर्चा, वैश्य महासभा सहित कई संगठन के प्रमुख लोगों ने बैद्यनाथ राम को मंत्रिमंडल मे शामिल नहीं करने पर लोगों में आक्रोश है एक अनुसूचित जाति के विधायक को अंतिम समय में नाम काटने पर यहां के लोगों ने निराशा एवं आक्रोश है । चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र शौण्डिक सहित कई संगठन के लोगों ने प्रेस वार्ता कर विरोध जताया है। एक मात्र अनुसुचित जाति के विधायक बैद्यनाथ राम राम को शपथ ग्रहण नहीं लेने पर बहुत बड़ा अन्याय है. इसको लेकर के यहां के लोग जिला बंद करायेगी, आंदोलन करेंगी, भूख हड़ताल करेंगी और चंपई सरकार को आग्रह करती है कि अभी भी सुधार कर ले नहीं तो इसका परिणाम बहुत खराब होगा। प्रेस वार्ता में अल्पसंख्यक नेता दानिश व्यवसायी और समाजसेवी सुनील कुमार ओबीसी नेता पवन कुमार रेड क्रॉस सोसाइटी के उमाकांत प्रसाद , आशीष कुमार उर्फ मुनी ने कड़ा विरोध जताया है। आने वाला समय चंपई सरकार के लिए अच्छा नहीं रहेगी। अपने भूल को सुधार करें।

# विपक्ष मुक्त भारत चाहती है मोदी सरकार : बिरजू राम

## किसानों के समर्थन में ट्रेड यूनयन का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** खेतिहर मजदूर किसान स्कीम वर्कर और विभिन ट्रेड यूनियन के आहवान पर मोदी सरकार की किसान और मजदूर विरोधी नीतियों और दिल्ली के विभिन्न बोडरो पर किसानों पर जारी पुलिसिया दमन के खिलाफ आज देशव्यापी हड़ताल और भारत बंद के समर्थन में झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ, अखिल भारतीय किसान महासभा और झारखंड मजदूर किसान सभा जिला कमिटी लातेहार के बैनर तले राष्टपति के नाम मजदूर विरोधी चार श्रम कोड, तमाम स्कीम वर्कर को न्यूनतम 21 हजार मानदेय, रसोइया कर्मी की बकाये मानदेय, मनेरेगा सहित अन्य योजनाओं में 600 रुपये दैनिक मजदूरी एवं मनरेगा में 200 दिन काम की गारंटी, किसानों के हित में समर्थन मूल्य लागू करने, किसानों पर से तमाम कार्य माफ करने, किसानों पर जारी पुलिसिया दमन बंद करने सहित दस सूत्री मांग पत्र लातेहार उपायुक्त को सौंपा गया। लातेहार बाजार टाड से भारी संख्या में किसान मजदूर और रसोइया कर्मी भारी संख्या में अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुए शहर के मुख्य सड़कों से होते हुए समाहरणालय पहुंचे और मांग पत्र सौंपे।

इसका अगुवाई माले जिला सचिव बिरजू राम, रसोइया संघ के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष धनेश्वर सिंह, झामस के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह, माले नेता गोपाल प्रसाद कर रहें थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा की आज मोदी की सरकार बेलगाम हो गई है। इसका मकसद सिर्फ व सिर्फ लोकतंत्र को खत्म करना, विपक्ष मुक्त भारत बनाना है, आज खेतों में अन्न उपजाने वाले किसान और देश में काम करने वाले स्कीम वर्कर मजदूर संकट के दौर से गुजर रहें है, आज अपनी मांगों के समर्थन में लाखों किसान दिल्ली आ रहें है लेकिन मोदी सरकार विभिन्न बोडरो पर किसानों को रोक रही है। वहीं रसोइया संघ के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, झमास जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह समेत कॉमरेड राजेंद्र सिंह, रमेश प्रसाद, कृष्णा सिंह, धनेश्वर सिंह, संजय सिंह, गोपाल प्रसाद, चिंता देवी, रीता देवी, शोभा देवी, रीना देवी, अजय यादव सहित दर्जनों लोग अपनी बात रखे। वहीं सभा की समाप्ति की घोषणा किसान नेता दुर्गा सिंह ने किया।

# बेन डकेट का शतक, इंग्लैंड मजबूत स्थिति में

एजेंसी

**राजकोट।** सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (नाबाद 133) के बेहतरीन शतक की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर इंग्लैंड ने 2 विकेट पर 207 रन बना लिए हैं। बेन डकेट केवल 118 गेंदों पर 21 चौके और 2 छक्के की बदौलत 133 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ जो रूट 9 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड पहली पारी के आधार पर भारत से अभी भी 238 रन पीछे है। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। इंग्लैंड को पहली पारी में जैक क्रॉली और बेन डकेट ने सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 89 रन जोड़े। इसी स्कोर पर रविचंद्रन अश्विन ने क्रॉली को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बेन डकेट और ओली पोप ने वनडे मैच की तरह बल्लेबाजी करनी शुरू की और भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। इस दौरान डकेट ने अपना शतक भी पूरा किया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोडे। इस खतरनाक होती जोड़ी को मोहम्मद सिराज ने पोप को एलबीडब्ल्यू आउट कर तोड़ा। पोप ने 55 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की बदौलत 39 रन बनाए। इसके बाद जो रूट और डकेट ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और दिन का खेल खत्म होने पर इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 207 रन तक पहुंचा दिया। डकेट 133 और रूट 9 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और रविचंद्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया। भारत ने अपनी पहली पारी में बनाए 445 रन, रोहित शर्मा-रवींद्र जडेजा का शतक इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (131) और रवींद्र जडेजा (112) के बेहतरीन शतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए। रोहित और जडेजा के अलावा अपना पहला टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 62 रन बनाए। वहीं एक और पदार्पण कर रहे खिलाड़ी ध्रुव जुरेल ने भी 46 रनों की अच्छी पारी खेली। निचले क्रम में रविचंद्रन अश्विन (37) जसप्रीत बुमराह (26) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इंग्लैंड की तरफ से मार्क वुड ने 4, रेहान अहमद ने 2, जेम्स एंडरसन, टॉम हार्टले और जो रूट ने 1-1 विकेट लिया।




## टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 500 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन



भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 500 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने यह उपलब्धि राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जैक क्रॉली को रजत पाटीदार के हाथों कैच आउट कराकर हासिल की। अश्विन ने यह उपलब्धि अपने 98वें टेस्ट मैच में हासिल की। इस सूची में शीर्ष पर श्रीलंकाई दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं, जिन्होंने 87 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच और दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 105 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। सूची में चौथे नंबर पर दिवंगत ऑस्ट्रेलिया लेग स्पिन दिग्गज शेन वार्न हैं। वार्न 108 टेस्ट मैचों में इस मुकाम तक पहुंचे। पांचवें नंबर पर एक और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैकग्रा हैं, जिन्होंने 110 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है।

## एनसीए सभी के लिए उपलब्ध नहीं है, फर्जी विज्ञापनों पर बीसीसीआइ ने जारी किया बयान

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पैसे देकर प्रवेश का वादा करने वाले फर्जी विज्ञापनों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि बेंगलुरु में स्थित इस एलीट सुविधा में योग्यता के आधार पर ही प्रवेश मिलता है। बीसीसीआइ ने एक बयान में कहा कि हाल में उसने उभरते हुए क्रिकेटरों को एनसीए में प्रवेश कराने का वादा करते हुए फर्जी विज्ञापन देखे हैं। बोर्ड के सचिव जय शाह द्वारा जारी इस बयान में कहा गया, बीसीसीआइ यह स्पष्ट करना चाहता है कि वह क्रिकेटरों से अपनी सुविधा के इस्तेमाल के लिए किसी भी तरह की राशि नहीं लेता है। बीसीसीआइ के अपने प्रोटोकॉल हैं और एनसीए में प्रवेश केवल योग्यता के आधार पर ही होता है। बीसीसीआइ ने यह भी स्पष्ट किया कि एनसीए की सुविधायें सभी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। बयान के अनुसार, एनसीए केवल बीसीसीआइ के अनुबंधित खिलाड़ियों, टारगेटिड ग्रुप के खिलाड़ी और राज्य संघों द्वारा सिफारिश किए गए क्रिकेटरों के लिए ही उपलब्ध है। यह ऊपर लिखी एजेंसी के अलावा किसी अन्य एजेंसी के लिए उपलब्ध नहीं है।

## अनाबेल सदरलैंड ने जड़ा महिला टेस्ट इतिहास का सबसे तेज दोहरा शतक

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा जब उन्होंने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया था। 22 साल की अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर 3 विकेट गंवा दिए हैं।दक्षिण अफ्रीका अब भी पहली पारी के आधार पर 432 रन से पिछड़ रहा है। अनाबेल हालांकि एलिस पैरी के 2017 में बनाए नाबाद 213 के ऑस्ट्रेलिया की ओर से सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने से चार रन से चूक गईं।

## शारदुल ठाकुर के 6 विकेट, शिवम दुबे का तेजतर्रार शतक, मुंबई मजबूत

**मुंबई।** भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों शारदुल ठाकुर ने गेंद जबकि शिवम दुबे ने बल्ले से चमक बिखेरी जिससे 41 बार के चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां असम पर शिकंजा कस दिया। नई गेंद से शारदुल (21 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने असम की टीम 32.1 ओवर में सिर्फ 84 रन पर ढेर हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने भी आठ रन देकर दो विकेट चटकाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे असम के सिर्फ 3 बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच सके। अभिषेक ठकुरी 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।जवाब में खेलते हुए मुंबई ने शिवम दुबे की 95 गेंद में 10 चौकों और 5 छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी की बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक 48.4 ओवर में छह विकेट पर 217 रन बनाए। दुबे के अलावा मुलानी (31), पृथ्वी साव (30), कप्तान अजिंक्य रहाणे (22) और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तोमारे (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। असम की ओर से राहुल सिंह और दिवाकर जोहरी ने दो-दो विकेट चटकाए। मुंबई को 133 रन की बढ़त हासिल है जबकि उसके चार विकेट शेष हैं। कोलकाता में बंगाल ने रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए भारतीय टीम से रिलीज किए गए मुकेश कुमार (18 रन पर चार विकेट) और सूरज सिंधू जायसवाल (47 रन पर चार विकेट) के बीच आठ विकेट की बदौलत बिहार को ईडन गार्डन्स पर 46.4 ओवर में 95 रन पर समेट दिया। बंगाल ने इसके जवाब में 33 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर 16 रन की बढ़त हासिल कर ली। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन 48 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि अनुस्तुप मजूमदार 13 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। लखनऊ में संजीत देसाई के नाबाद 113 और कप्तान अमनदीप खरे के नाबाद 70 रन से छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 238 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से आकिब खान ने 55 रन देकर दो विकेट चटकाए। विजयनगर में ग्रुप के एक अन्य मैच में आंध्र ने महीप कुमार (81) और रिकी भुई (नाबाद 79) की पारियों से केरल के खिलाफ सात विकेट पर 260 रन बनाए। केरल की ओर से बासिल थंपी और नेदुमानकुझी बासिल ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## भारतीय महिला शुरूआती मुकाबले में चीन से हारी

**बुसान।** भारतीय महिला टीम को विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल 2024 के ग्रुप एक के अपने शुरूआती मुकाबले में शुक्रवार को चीन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिण कोरिया के बुसान में खेले जा रहे मुकाबले में भारत के अयहिका मुखर्जी ने चीन के सुन यिंग्शा को 3-1 (12-10, 2-11, 13-11, 11-6) से हराकर शानदार शुरूआत की।

## चीनी दीवार तोड़ने के बाद भारत ने हॉन्गकॉन्ग का भी किया सूपड़ा साफ, महिला टीम ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को मलेशिया के शाह आलम में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग पर 3-0 की जीत हासिल की। इसके साथ ही भारतीय महिला टीम ने अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए पीवी सिंधु ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी की। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया।

## रणजी ट्रॉफी : ईशान किशन ने दिखाया ठेंगा बीसीसीआइ की 'धमकियों' का कोई असर नहीं!

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ईशान किशन की रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थिति जारी रही जब झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाला यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को शुरू हुए अंतिम दौर के मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं बना। ईशान का यह कदम बीसीसीआइ को पसंद नहीं आएगा। ईशान के प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने और सिर्फ आइपीएल पर ध्यान केंद्रित करने के कारण बीसीसीआइ को खिलाड़ियों के इस लुभावनी लीग की नीलामी में हिस्सा लेने का पात्र होने के लिए न्यूनतम रणजी ट्रॉफी मैचों में खेलना अनिवार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**ईशान के अलावा दीपक चाहर भी नहीं खेल रहे रणजी ट्रॉफी**

विभिन्न स्थानों पर शुरू हुए अंतिम दौर के मुकाबलों में दीपक चाहर और श्रेयस अय्यर भी अपनी घरेलू टीमों का हिस्सा नहीं हैं। अय्यर को हालांकि कमर और ग्रोइन में समस्या है। इन तीन खिलाड़ियों- ईशान, चाहर और अय्यर- को विशेष रूप से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेलने के लिए कहा गया था। ईशान की अनुपस्थिति में कुमार कुशाग्र झारखंड के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

**हार्दिक पंड्या के साथ कर रहे बड़ौदा में ट्रेनिंग**

छह मैच में केवल एक जीत से 10 अंक जुटाने वाला झारखंड अंतिम दौर में घरेलू मैदान पर राजस्थान से खेल रहा है। ईशान जिस तरह से यात्रा की थकान का हवाला देकर राष्ट्रीय टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच से लौटने के बाद से लगातार मैचों से बाहर रहे है, उससे भारतीय क्रिकेट के अधिकारी खुश नहीं है। इससे भी अधिक यह पता चला कि वह मुंबई इंडियंस के अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग कर रहे थे जबकि उनकी राज्य की टीम रणजी ट्रॉफी में ग्रुप ए तालिका में निचले पायदान पर थी। इस बात पर आम सहमति है कि एक सख्त नीति का पालन करने की आवश्यकता है ताकि युवा खिलाड़ी सिर्फ आइपीएल में खेलने को अपनी आदत नहीं बना लें।

# विलियमसन का शतक, न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराया, श्रृंखला 2-0 से जीती

एजेंसी




**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन के नाबाद शतक और विल यंग के साथ उनकी अटटू शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर उसके खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखाला जीती। न्यूजीलैंड ने दो मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। विलियमसन ने 260 गेंद में 12 चौकों और दो छक्कों से 133 रन की नाबाद पारी खेलने के अलावा विल यंग (134 गेंद में नाबाद 60, आठ चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को तीन विकेट पर 269 रन पर पहुंचाकर जीतकर दिलाई। चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने के दौरान यह न्यूजीलैंड का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है। विलियमसन ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भी शतक जड़ा था जिसे न्यूजीलैंड ने 281 रन से जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी के आधार पर 31 रन की बढ़त हासिल की थी और फिर दूसरी पारी में 235 रन बनाकर न्यूजीलैंड को 267 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन की शुरूआत एक विकेट पर 40 रन से की। मेजबान टीम को जीत के लिए इस समय 227 रन जबकि दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट की दरकार थी। विलियमसन ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने अपना 32वां टेस्ट शतक 203 गेंद में पूरा किया और इस दौरान रचिन रविंद्र (20) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन भी जोड़े। ऑफ स्पिनर डेन पीट ने जब रविंद्र को आउट करके न्यूजीलैंछ का स्कोर तीन विकेट पर 117 रन किया तब मेजबान टीम को 150 रन की और जरूरत थी। विलियमसन ने इसके बाद यंग के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वह ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के साथ 32 शतक के आंकड़े तक पहुंचने वाले सिर्फ दो सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हैं। विलियमसन ने 172वीं पारी में 32वां शतक जड़ा और वह स्मिथ, रिकी पोंटिंग, सचिन तेंदुलकर, यूनिस खान, सुनील गावस्कर, कुमार संगकारा, जाक कैलिस और ब्रायन लारा जैसे खिलाड़ियों से कम पारियों में इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल रहे। दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज विलियमसन ने श्रृंखला में चार पारियों में तीन शतक की मदद से 134 की औसत से 403 रन बनाए।

## वरुण एरोन खेलेंगे आखिरी मैच

**रांची।** दाएं हाथ के तेज गेंदबाज वरुण एरोन ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद रेड-बॉल क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसका मतलब है कि चल रहा झारखंड बनाम राजस्थान मैच उनका अंतिम रेड-बॉल मैच होगा। 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि वह सफेद गेंद वाले क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे और सीमित ओवरों के मुकाबलों में उनके भविष्य पर फैसला अगले घरेलू सीजन की शुरूआत से पहले लिया जाएगा। एरोन ने लंबे प्रारूप के खेल को छोड़ने के फैसले के पीछे का कारण अपने शरीर की लंबे प्रारूपों में एक तेज गेंदबाज के कार्यभार के दबाव को संभालने में असमर्थता बताया है।

# मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा : संजय सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवानों की तिकड़ी बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को किसी भी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेंगे। विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआइ पर लगाया गया अस्थाइ निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि हमने भारतीय कुश्ती को आगे ले जाने की योजना बनाना शुरू कर दिया है। हम जल्द ही महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स आयोजित करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा। मलिक और पूनिया ने तो अपना विरोध दोबारा शुरू करने की धमकी भी दी थी और उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अध्यक्षता वाला महासंघ स्वीकार्य नहीं है। यहां तक कि उन्होंने मदद मांगने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखा भी है। संजय ने कहा कि मैं इन तीनों पहलवानों को ईमेल, वाट्सएप संदेश भेजूंगा ओर जरूरत पड़ी तो मैं उन्हें फोन भी करूंगा। मैं साक्षी से उनके संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार के लिए और ओलंपिक पदक जीतने के लिए एक और प्रयास करने के लिए भी कहूंगा। अभी तक भारत ने महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में अंतिम पंघाल के जरिये ही पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया है। भारत पुरुषों के फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती में 17 और वजन वर्गों में क्वालीफाई कर सकता है। पहलवानों के पास 19 से 21 अप्रैल तक बिश्केक में होने वाली एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता और नौ से 12 मई तक इस्तांबुल में होने वाले विश्व क्वालीफायर के जरिये क्वालीफाइ करने के दो अंतिम मौके हैं। हमने उन्हें बताया कि किस तरह जूनियर पहलवानों को परेशान होना पड़ रहा है और भारत उचित महासंघ नहीं होने के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई वजन वर्गों में बिना तैयारी के जा रहा है।

# हॉकी प्रो लीग : भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका की चुनौती को तैयार

एजेंसी



**राउरकेला।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण के अपने अंतिम दो मैच बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 17 और 18 फरवरी को क्रमशः ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगी। एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अब तक भारतीय महिला हॉकी टीम का सफर कठिन रहा है और वह अपने पांच में से चार मैच हार चुकी है। चीन के खिलाफ अपने पहले मैच में 1-2 से हार झेलने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड्स से 1-3 से और ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई और फिर भुवनेश्वर में अपने अंतिम मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका को 3-1 से हराने में सफल रही। राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में, भारत ने खेल की शुरूआत में बढ़त ले ली, लेकिन चीन ने जोरदार वापसी करते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। इसके बाद भारत नीदरलैंड से 0-1 से हार गया। ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबले से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला मुकाबला हार गए थे लेकिन इस बार हमारा ध्यान जीत हासिल करने पर है और हम अपना सौ प्रतिशत देंगे। ऑस्ट्रेलिया हमारे जैसी शैली में खेलता है, वे अपनी गेंदों को स्थानांतरित करने में असाधारण हैं और उनकी फिनिशिंग शीर्ष पायदान पर है लेकिन हमारा लक्ष्य इसे रद्द करना और अपनी आमने-सामने की लड़ाई जीतना होगा। हम इस टूनार्मेंट में खेलने वाली किसी भी टीम की तरह अच्छे हैं, हम मैदान पर उतरेंगे तो हम अपना सब कुछ देंगे क्योंकि ये हमारे लिए महत्वपूर्ण मैच है। ऑस्ट्रेलिया को हाल के दिनों में भारत के खिलाफ अधिक अनुकूल परिणाम मिले हैं, जिसमें इस महीने की शुरूआत में एफआइएच 2023/24 के भुवनेश्वर चरण में 3-0 की जीत भी शामिल है। लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम 2020 ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी 1-0 की जीत को दोहराने की कोशिश करेगी जब वे शनिवार रात राउरकेला में उनसे भिड़ेगी। दूसरी ओर, भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले छह मौकों में से चार में संयुक्त राज्य अमेरिका को हराया है, भारतीय महिला हॉकी टीम 17 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से और 18 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी।

# स्क्वैश फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सौरव घोषाल

एजेंसी



**वाशिंगटन।** भारतीय स्टार खिलाड़ी सौरव घोषाल ने स्क्वैश फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कड़े मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी स्पेंसर लवजॉय को 4-11, 11-8, 11-4, 13-11 से हराया। यह मुकाबला लगभग एक घंटे तक चला। दुनिया के 26वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी, जो छठी वरीयता प्राप्त हैं और 51,500 डॉलर इनामी पीएसए वर्ल्ड टूर ब्रॉन्ज इवेंट में पहले दौर में बाई प्राप्त कर चुके हैं, क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर क्राउइन से भिड़ेंगे। इस बीच, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार, जिन्होंने पिछले हफ्ते पिट्सबर्ग में अपने पहले पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी, मिस्र के दूसरे वरीय यूसुफ सोलिमन से 11-6, 11-8, 11-2 से हार गए। तमिलनाडु के बाएं हाथ के खिलाड़ी ने शुरूआती दौर में ब्रिटेन के मार्क ब्रोकमैन को 22 मिनट में 11-4, 11-4, 11-2 से हराया था।

## 51 बहनों की शादी कार्यक्रम को लेकर दिया गया आमंत्रण



आमंत्रण पत्र देते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** 28 फरवरी को नवजवान संघर्ष मोर्चा की स्थापना दिवस पर 51 बहनों की शादी का आमंत्रण अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी के नेतृत्व में भवनाथपुर बाजार के दुकानदारों को आमंत्रण दिया जा रहा है। लोगो को इस कार्यक्रम में आने व नवदाम्पत्य जोड़ो को आशीर्वाद देना का अनुग्रह किया गया। इस पुनीत कार्य में दुकानदारों से सहयोग भी मांगा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, भानु गुप्ता, प्रेम प्रकाश रमण, निरंजन पाठक, संजय गुप्ता, नागेंद्र चौधरी सहित भाजपा के कार्यक्रता उपस्थित थे।

# समाज की दिशा और दशा निर्धारण में साहित्यकारों की भूमिका अहम : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में संचालित स्वदेशी मेला के दौरान ग्रंथ सृजन मंच द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने साहित्यकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि साहित्य जगत की समाज की दिशा और दशा निर्धारण करने में अति दीर्घकाल से महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएल स्कूल की अवकाश प्राप्त शिक्षिका और हिंदी की कवयित्री आशा पुष्प ने किया। कार्यक्रम संयोजक रजत नाथ ने सभी कवि वृंद का अभिनंदन किया और उन्हें आयोजन का हिस्सा बनने हेतु बधाई दी। काव्य गोष्ठी में अरुण पाठक ने एक सुमधुर मैथिली भजन प्रस्तुत किया। गगेश कुमार पाठक रीना यादव सोनी गीता कुमारी गुस्ताख सूफी जावेद डॉ परमेश्वर भारती ने अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं का दिल जीता। सुप्रिया सरस वकील दीक्षित दीनानाथ ठाकुर रंजना श्रीवास्तव शांति देवी आदि कई वृंदों ने अपनी रचनाओं से लोगों को भाव विभोर किया। कार्यक्रम का संचालन गीता कुमारी गुस्ताख तथा धन्यवाद ज्ञापन गगेश कुमार पाठक ने किया।

## एक नजर में

### अबुआ आवास योजना के लाभुकों को बीडीओ ने दिया स्वीकृति प्रमाण पत्र

**बरडीहा।** प्रखंड क्षेत्र के आदर पंचायत सचिवालय भवन में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुखिया सलमा बेबी एवं सभी वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण जनता के उपस्थिति में बैठक किया गया। जहां पर बीडीओ विजय राम द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार अबुआ आवास योजना के 27 लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बैठक में ग्रामीण जनता के साथ अबुआ आवास योजना के बारे में चर्चा हुआ। उन्होंने कहा कि आबुआ आवास योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को तिन कमरा वाला घर दिया जाएगा। मौके पर लेखा सहायक राजू ठाकुर, बीपीओ संतोष कुमार सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### धरना 73 वें दिन भी लगातार जारी

**बेरमो /तेनुघाट।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति संयोजक संतोष नायक का 73 वां दिन भी अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट के समीप धरना जारी रहा। लगभग ढाई माह होने वाला है, लगातार बेरमो जिला की मांग को लेकर धरना जारी है जिसमें बेरमो अनुमंडल के कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों का इस धारणा में लगातार सहयोग मिल रहा है। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति गैर राजनीतिक दल के द्वारा बनाया गया है जिसमें सभी राजनीतिक दल के सदस्यों का सहयोग भी भरपूर मिल रहा है । कांग्रेस गोमिया प्रखंड अध्यक्ष तुलु पांडेय धरना स्थल पहुंच कर अपना समर्थन दिया है। परंतु सरकार का ध्यान इस और आकृष्ट नहीं हो पा रहा है सुन कर अनसुनी करना अब कहीं ना कहीं लोगों के मन में आक्रोश उठता जा रहा है । लोगों में अब धरना का स्वरूप बदलकर उग्र आंदोलन की तैयारी का मन बन रहा है कहीं ना कहीं जो सरकार के हित के लिए अच्छी नहीं है उपरोक्त बातें अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा। संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्र,कुलदीप प्रजापति, मुन्ना श्रीवास्तव,मिथुन चंद्रवांसी, मुकेश कुमार,पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव जिला परिषद सदस्य माला कुमारी,नारायण प्रजापति,अरुण महतो,विनोद गुप्ता,मिथलेश कुमार सिकंदर चंद्रवानसी,पंकज पाठक सहित पंचायत के सभी सदस्यों का समर्थन भरपूर मिल रहा है।

### कोयला कर्मचारियों ने राजनीति से प्रेरित देशव्यापी हड़ताल को किया विफल

**बेरमो।** शुक्रवार को सीसीएल सीकेएस से संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने अपने सीसीएल सीकेएस ढोरी के प्रतिनिधि मंडल के साथ कल्याणीपरियोजना,एएडीओसीएम,तथा ढोरी खास परियोजना में जाकर परियोजना पदाधिकारी के साथ वार्ता करते हुए हड़ताल का जायजा लिया तथा अपने कोयला कामगारों को सामान्य रूप से हड़ताल में कार्य करने के प्रेरित किये साथ मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ अभी अपने कोयला कर्मचारियों के सीएमपीएफ में हुए पैसे के घोटाले की सीबीआई जांच की माँग को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ रही है वही क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह के साथ बैठक कर प्रेस के माध्यम से अपने सभी कोयला कर्मचारियों धन्यवाद दिया कि आप सभी ने एकजुटता का परिचय देते 16 फरबरी 2024 का देशव्यापी हड़ताल जो कि एक राजनीति से प्रेरित हड़ताल थी उक्त हड़ताल को कोयला कर्मचारियों ने एक सिरे से खरिज कर दिया ।

## स्पीड न्यूज

### विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की बैठक करगली मे संपन्न

**बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की एक बैठक शुक्रवार को करगली में लखनलाल महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें 20 फरवरी से आहूत सीसीएल में तीनों एरिया का बेमियादी चक्काजाम आंदोलन के मद्देनजर तैयारी की समीक्षा की गई। तीनों एरिया के प्रबंधन से हुई वार्ता की भी समीक्षा की गई। कई मामले नीतिगत कहकर एरिया स्तर की वार्ता में प्रबंधन ने पल्ला झाड़ लिया है। ऐसे में विस्थापितों का मामला पुनः खटाई में रह जाएगा। हालांकि एक एरिया में सकारात्मक बातें भी हुई है, जिसपर कौर कमिटी की बैठक में चर्चा की जाएगी तदुपरांत निर्णय लिया जाएगा। नेताओं ने कहा कि वर्तमान में कोल इंडिया के चेयरमेन पीएम प्रसाद की अध्यक्षता में सीसीएल प्रबंधन के साथ मुख्यालय स्तर की वार्ता हुई थी। एक साल बीत गया लेकिन वार्ता के निर्णयों को लागु करने में क्षेत्रीय प्रबंधकों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। 14 फरवरी 2022 को तीनों एरिया का चक्काजाम आंदोलन के दौरान तीनों एरिया के महाप्रबन्धकों ने वार्ता कर लिखित समझौता किया था, उसे भी प्रबंधन ने लागु नहीं किया।

### बोकारो थर्मल पावर प्लांट में वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बोकारो थर्मल में शुक्रवार को जनवरी महीने का वेतन भुगतान की मांग को लेकर सप्लाई मजदूरों ने पावर प्लांट में वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और धरना पर बैठ गए. लगभग तीन घंटे के बाद प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधियों ने पिछले कई महीने से लगातार वेतन भुगतान में विलम्ब,अर्जित अवकाश और गिफ्ट की राशि भुगतान नहीं होने का मामला उठाया. मासिक वेतन भुगतान के प्रति स्थानीय प्रबंधन के उदासीन रवैया के प्रति नाराजगी भी जाहिर की. काफी जद्दोजहद के बाद परियोजना प्रधान ने यह आश्वासन दिया कि सभी सप्लाई मजदूरों को मंगलवार बीस फरवरी तक उनका जनवरी महीने का वेतन भुगतान हों जायेगा. अर्जित अवकाश की राशि शीघ्र ही भुगतान करने के लिए विभागीय अधिकारी सम्बंधित ठेकेदार को लेटर देंगे.मेसर्स एम के इंटरप्राइजेज के अधीन असैनिक विभाग में कार्यरत वैसे मजदूर जिनका दो माह का वेतन भुगतान बकाया है उनका दस दिनों के अंदर 27 फरवरी तक वेतन भुगतान कराया जायेगा।

### डीएवी कथारा के छात्र ने जेईई मेंस में हासिल की शानदार सफलता

**बेरमो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेंस के जनवरी सत्र में डी ए वी कथारा के 12वीं के छात्र सईद इब्राहिम ने 97.45 परसेनटेंश लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। बताते चलें कि सईद इब्राहिम बोकारो जिला बेरमो अनुमंडल अंतर्गत झीरकी इफ्तेखार आलम के पुत्र हैं, सईद शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों एवं अपने माता–पिता को दिया। छात्र ने बताया कि निरंतर अभ्यास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की वजह से यह सफलता मिली है। अप्रैल सत्र में , मैं अपने प्राप्तांक प्रतिशत को और बढ़ाने का प्रयास करूंगा यह छात्र का वक्तव्य है।

### छः दिवसीय उदधमिता विकास प्रशिक्षण समापन, किया गया प्रमाण पत्र वितरण

**बेरमो।** नगर विकास एवं आवास विभाग रांची, झारखंड के निर्देश के आलोक में फुसरो नगर परिषद में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का छः दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का समापन सह प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासक गोपेश कुम्भकार , सिटी मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी ने लाभुको को प्रमाण पत्र दिया। प्रशासक श्री गोपेश कुम्भकार ने कहा कि महिलाओ के सशक्त होने से देश का विकास होगां। समूह की महिलाएं संगठित होकर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने। आपको हर संभव मदद किया जायेगा। सिटी मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी ने कहा कि स्व रोजगार कार्यक्रम के तहत छः दिनों तक ये प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है ।

## वेदांता लिमिटेड के उपाध्यक्ष ने किया टेक उत्सव का उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के सियालजोरी प्लांट परिसर में आयोजित टेक उत्सव का उद्घाटन वेदांता लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रमुख कॉर्पोरेट वेंचर कैपिटल और स्पार्क अमितेश सिन्हा ने अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। इस टेक उत्सव का उद्देश्य प्रौद्योगिकी समुदाय के भीतर नवाचार सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना था। डिजिटल परिवर्तन और औद्योगिक शिक्षा के बीच अंतर को पाटने के एक हिस्से के रूप में ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने 10 बिजनेस पार्टनर स्काईलार्क ड्रोन जार्श सेफ्टी एड्रोइटेक परसेप्ट्रॉन सॉफ्टवेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड ऑक्सबो इंटेलेक्ट जियो क्लाइमेट सेंट्रा सॉल्यूशंस एक्सवाईएमए एनालिटिक्स एनजी नेक्स्टटेक और सीएचआरपी को अपने अभूतपूर्व तकनीक विचारों को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया। इनमें से अधिकांश हाई टेक स्टार्टअप युवाओं से भरे हुए हैं खासकर उनके अनुसंधान केंद्रों में। ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के गतिशील क्षेत्र में प्रत्येक क्लिक और प्रत्येक चुनौती एक अवसर का प्रतिनिधित्व करती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच दिनों से एक्स-रे सुविधा बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



एक्स-रे रूम में लटका ताला

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच दिनों से एक्स-रे सुविधा बंद होने के कारण मरीज बाहर में पैसा देकर एक्स-रे करने को विवश हैं। आपको बता दे कि दो माह पूर्व भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन चालू किया गया था। जिससे अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगो को कम दर पर एक्स-रे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन जिला द्वारा मशीन को लॉक कर दिए जाने के कारण पिछले पांच दिनों से एक्सरे मशीन बंद है। इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को ऊपर से ही लॉक कर दिया गया है इस लिए एक्स-रे मशीन बंद है। अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन कुमार दास ने कहा कि पिछले पांच दिनों से ऊपर से ही मशीन को लॉक कर दिया गया है इसे लेकर वरीय पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीएस अशोक सिंह ने कहा कि सूचना प्राप्त है कि अस्पताल में एक्स-रे बंद है कुछ टेकनीकल फॉल्ट हुआ है जल्द चालू कराया जाएगा।

## सम्पदा न्यायालय के आदेश पर अवैध कब्जे वाले आवास कराये गए खाली

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो के आदेश पर अनाधिकृत कब्जे वाले बीएसएल के 12 आवासों से अवैध कब्जा हटाया गया और उनके सामान भी जब्त कर लिए गए। मजिस्ट्रेट के रूप में चास बीडीओ प्रदीप कुमार की मौजूदगी में होमगार्ड के जवानों की मदद से सेक्टर 2 बी में आवास संख्या 3125, 3126 सेक्टर 3 सी में आवास संख्या 262 सेक्टर 4 ए में 2024 सेक्टर 4 ई में 1200, 2253, 3037, 3142, 1180 सेक्टर 4 जी में आवास संख्या 2190 व 3069 तथा सेक्टर 6 ए में क्वार्टर नंबर 3436 को खाली कराया गया।

## हनुमत ध्वज की स्थापना के साथ श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ हुआ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रवचन करते देवी धर्ममूर्ति

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम राणाडीह में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का विराट चौतिसवां अधिवेशन की शुरूआत हनुमत ध्वज की स्थापना के साथ शुरू हुआ। 24 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ में सुबह से शाम तक वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पूजन पाठ का आयोजन शुरू हुआ वहीं नौ पंडितों द्वारा सुबह से शाम तक रामायण का जाप किया जा रहा है। श्रीराम के नगरी अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है। प्रथम दिन प्रवचन सत्र में देवी धर्ममूर्ति ने सजा दो गुलशन को अवध में राम आये हैं, संगीतमय भजन से प्रवचन की शुरूआत की। देवी धर्ममूर्ति ने कहा कि कहा कि गणेश जी बुद्धि के देवता हैं। जो लोगों में सद्बुद्धि देते हैं। कहा कि गुरू के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मौके पर ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे,श्याम सुन्दर शर्मा, शिवदेव चौबे, नागेन्द्र चौबे, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र चौबे, सचिव विजय पाण्डेय, उपाध्याय प्रदीप दुबे, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, चंद्रमणी चौबे, भंडारी उपेन्द्र चौबे, सतीश चौबे, नीतीश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## अबुआ आवास की वरीयता सूची का चयन ग्राम सभा से कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** आबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों का चयन ग्राम सभा स्तर से कराये जाने की मांग कसमार प्रखंड के मुखिया लोगों ने किया है। इस बाबत सभी मुखिया ने कसमार बीडीओ अनिल कुमार को मांग पत्र सौंपा। मुखिया गणों का कहना है उप विकास आयुक्त के निदेर्शानुसार आबुआ आवास योजना के लाभुकों का प्राप्त सूची का भौतिक सत्यापन करने के बाद ग्राम सभा के माध्यम से चयन कर अनुमोदन किया गया है लेकिन जिला द्वारा अपने स्तर से मनमानी प्राथमिकता सूची तैयार कर भेजी जा रही है। जिसमें कई अतियोग्य लाभुक का नाम वरियता सूची से पीछे चला गया है। जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। मुखिया गण ने ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित सूची को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। इस दौरान हारू रजवार विजय जायसवाल उर्फ गुड्डू अमरेश कुमार महतो उर्फ अमरलाल महतो राजेन्द्र महतो सुमित्रा देवी बबीता देवी सरिता देवी मंजू देवी अनिता देवी ममता देवी चंद्रशेखर हेंब्रम गीता देवी चंद्रशेखर नायक गीता देवी मौजूद थे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



जानकारी देते बीटीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के सौजन्य से भवनाथपुर में किसानों के बीच दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीटीएम राकेश रजक के द्वारा 150 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। बीटीएम राकेश रजक ने बताया कि किसानों को प्रशिक्षण के दौरान सब्जी का खेती, वर्मिंग कंपोस्ट, जीव अमृत सहित अनेक प्रकार की जानकारी किसानों को दी गई।

किसानों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जा रहा है ताकि किसान को खेती करने में कोई समस्या नही हो प्रशिक्षण के बाद किसानों को सब्जी किट दिया गया। मौके पर किसान मित्र सुनील राउत, अनुज पाठक, पंचम साह, प्रेम यादव, सुनील राम सहित किसान उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### खूंटी में दो गाड़ियां भिड़ीं, चार की मौत

जानकारी के अनुसार कर्रा के सिरका स्थित कर्सर से बगैर चालान के चिप्स लेकर हाइवा खूंटी की तरफ जा रहा था। वहीं कांची नदी से अवैध बालू लेकर टर्बो लोधमा की तरफ जा रहा था इसी दौरान दोनों गाड़ियां आपस में टकरा गयीं। टर्बो के परखच्चे उड़ गये और सभी टर्बो सवार दब गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और चार क्रेन के सहारे टर्बो में दबे हाइवा को निकाला गया। टर्बो में दबे चारों शवो को निकालकर पुलिस ने सदर अस्पताल भेज दिया। कर्रा पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सभी दबे लोगों को निकाला गया लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका।

**कई सवाल खड़े हुए :** खनन विभाग लगातार दावा करता रहा है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगाम लगाया जा रहा है लेकिन इस हादसे ने खनन विभाग के सभी दावों पर पानी फेर दिया। खनन विभाग के इंस्पेक्टर सुबोध सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है कि हाइवा में लदे चिप्स का चालान था या नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें भी सूचना मिली है कि कुछ दिनों से अवैध खनन माफिया खनिजों का अवैध परिवहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई फिर से शुरू की जायेगी। गौरतलब है कि गत वर्ष तोरपा थाना क्षेत्र के तोरपा भाया कर्रा मुख्य सड़क पर अलग अलग हुए हादसे के कारण आधा दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। सभी घटनाएं अवैध बालू लदे हाइवा की तेज रफ्तार के कारण हुई थी।

### मोदी को गाली देना कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा

**जो गारंटी दी पूरी की :** उन्होंने कहा, भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और पूर्व सैनिकों को वन रैंक-वन पेंशन' दिये जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो गारंटी' दी वह पूरी की है और वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की गारंटी' पूरी करेंगे। पीएम ने कहा कि दशकों से कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में बाधाएं पैदा कीं लेकिन भाजपा ने इसे हटाने की गारंटी थी।

**परिवार मोह में कांग्रेस बर्बाद :** पीएम मोदी कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी आज एक परिवार के मोह में अपने इतिहास के सबसे दयनीय' दौर से गुजर रही है। आज उसकी स्थिति ऐसी हो गयी है कि उसके पास कार्यकर्ता तक नहीं बचे। उसके पुराने नेता एक-एक करके पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। जिन्होंने कभी इनके साथ आने का इरादा किया था, वह भी इनसे भाग रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके नेता से अपना एक स्टार्टअप नहीं संभल रहा है और यह लोग देश संभालने का सपना देख रहे हैं। उनकी निष्ठा एक ही परिवार के प्रति है। नीतियों में लूट और भ्रष्टाचार है।

**कांग्रेस के पास भविष्य का रोडमैप नहीं:** मोदी ने कहा है कि कांग्रेस की दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं होने और न ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। कांग्रेस काल में भारत अपनी बिजली व्यवस्था को लेकर बदनाम रहा। हमारी सरकार ने देश को बिजली की चुनौतियों से निकालने पर ध्यान देकर नीतियां बनाने एवं निर्णय लेकर सौर ऊर्जा जैसे बिजली उत्पादन के नये-नये क्षेत्र पर जोर देने से हालात बिल्कुल बदल गये। आज भारत सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के मामले में दुनिया में अग्रणी देशों में आ चुका है।

### अपमान बर्दाश्त नहीं, बड़ा कदम उठा सकता हूं

**भाजपा भी हंलावर:** उधर, बैद्यनाथ राम का मंत्री के रूप में नाम घोषित करने के बाद उनके मंत्री नहीं बनने पर भाजपा ने चम्पाई सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बैद्यनाथ राम को मंत्री नहीं बनाने से सरकार का एससी विरोधी चेहरा सामने आया है। लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने भी घटना पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि यह निश्चित रूप से लातेहार जिलेवासियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे झारखंडवासियों के लिए बहुत ही दुखद घटना है। यह आगे की राजनीति के लिए बहुत ही कष्टदाई होगा। मैं 25 वर्षो से अपना राजनीतिक जीवन झारखंड मुक्ति मोर्चा को समर्पित किया हूं। अगर केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही कोई निर्णय नहीं लेता है, निश्चित रूप से हम सभी लोग आगे की राजनीतिक के लिए स्वतंत्र है।

## नए डीडीसी पीएन मिश्रा ने किया प्रभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता



नए डीडीसी का स्वागत करते निर्वतमान डीडीसी

**गढ़वा।** पशुपति नाथ मिश्रा ने शुक्रवार को गढ़वा का 30 वें उप विकास आयुक्त के रूप में योगदान दिया। उन्होंने निर्वतमान उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय से प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने नए डीसी को बुके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने सभी पदाधिकारी व कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर मुख्य रूप से डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएसएल के मानव संसाधन विभाग में तकनीकी प्रशिक्षण शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग के कमरा सं 47 में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के संकाय कुमार आकाश के सहयोग से पीएलसी सिमेटिक एस7- 400 पर 20 फरवरी तक के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीजीएम विद्युत देवाशीष सरकार ने सीजीएम देवाशीष सरकार मनीष जलोटा तथा जीएम संजय कुमार भगत की उपस्थिति में किया। सर्वप्रथम प्रबंधक जयनारायण यादव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सीजीएम विद्युत ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की।

सीजीएम मनीष जलोटा तथा जीएम संजय कुमार भगत ने भी सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के आयोजन में वरीय ऑपरेटिव संजीव कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## अनंत-राधिका के शादी स्थल पर रोक लगाने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस ग्रीन्स में आयोजित करने से रोकने की मांग को खारिज कर दिया। जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को पशु-पक्षियों को नुकसान पहुंचने की आशंका मात्र है। ऐसे में आशंका के आधार पर कोई भी निरोधात्मक आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। यह याचिका वकील राहुल नरुला ने दायर की थी।

## आरएसएस सकारात्मक शक्ति : मिथुन चक्रवर्ती

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधानसभा में संदेशखाली घटना के पीछे आरएसएस का समर्थन होने की बात कही थी। इस पर शुक्रवार को अभिनेता एवं भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कोई नकारात्मक ताकत नहीं है, बल्कि यह एक सकारात्मक शक्ति है। पूरे भारत में, पूरी दुनिया में इसके 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। आरएसएस के जैसा कोई दूसरा संगठन नहीं है, जिसने देश के लिए इतना कुछ किया हो। आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को स्वयं खारिज करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वह एक मार्च से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, मैं एक तारीख से प्रचार करूंगा। मैं चुनाव प्रचार में अंत तक रहूंगा।

## नेपाल में लीडर्स समिट में 9 नोबल विजेता होंगे सहभागी

**काठमांडू।** नेपाल के लुंबिनी में इस बार 11-12 मार्च को लॉरेट्स लीडर्स समिट-2024 का आयोजन होने जा रहा है। इस समिट में भारत के कैलाश सत्यार्थी सहित नौ नोबल पुरस्कार विजेता शामिल होंगे।

# कोचिंग सेंटरों के भ्रामक विज्ञापनों पर नकेल की तैयारी, जारी किया गया मसौदा दिशा निर्देश

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 16 मार्च तक मांगे सुझाव व प्रतिक्रिया



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मसौदा दिशा निर्देश जारी किये हैं। इन पर लोग अपने सुझाव एवं प्रतिक्रिया 30 दिनों के भीतर 16 मार्च तक केंद्रीय प्राधिकरण को दे सकते हैं।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा कोचिंग संस्थानों, कानून फर्मों, सरकार और स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों (वीसीओ) सहित सभी हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। गाइडलाइंस के तहत विज्ञापन से जुड़ी शर्तें रखी गयी हैं, जिनका अनुपालन न होने की स्थिति में कोचिंग से जुड़े व्यक्ति को भ्रामक विज्ञापन से जोड़ा जायेगा।

विज्ञापन को भ्रामक माना जायेगा अगर सफल उम्मीदवार के पाठ्यक्रम और अवधि की जानकारी छिपायी जाये, मनमाने ढंग से सफलता की दर निर्धारित की जाये, चयन और रैंकिंग से जुड़े झूठे दावे किये जायें, छात्र के व्यक्तिगत प्रयासों को नकारते हुए सारा श्रेय कोचिंग सेंटर को दिया जाये। कोचिंग सेंटर को बताना होगा कि सफलता में कोचिंग की भूमिका क्या रही। अत्यावश्यकता की झूठी भावना या छूट जाने का डर पैदा करने वालों और पाठ्यक्रम की अवधि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी या कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने वाले कोचिंग सेंटर को भ्रामक विज्ञापन के दायरे में लाया जायेगा।

मंत्रालय का कहना है कि कोचिंग से जुड़े हर व्यक्ति पर दिशा-निर्देश लागू होंगे। दिशा-निर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों से बचाना है।

### शिक्षा प्रणाली में भारतीय भाषाओं की अनिवार्यता बढ़ायी जाये : सीके शास्त्री

**लखनऊ।** देश की शिक्षा प्रणाली में भारतीय भाषाओं को शामिल कर उनकी अनिवार्यता को बढ़ायी जाये। साथ ही, भर्ती के दौरान भारतीय भाषाओं को वांछनीय योग्यता के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। ये बातें भारतीय भाषाओं के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष चामू कृष्ण शास्त्री ने अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम में शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में अपने उद्बोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस कदम से इन भाषाओं के अध्ययन में अधिक रुचि पैदा होगी। खासकर यह देखते हुए कि भारत की 90 प्रतिशत आबादी अंग्रेजी में पारंगत नहीं है। उन्होंने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) को भारतीय भाषाओं पर आधारित करने की वकालत की।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली जाने से रोका, राज्यपाल से शिकायत


**कोलकाता (हि.स.)।** संदेशखाली हिंसा का जायजा लेने पहुंची भाजपा की छह सदस्यीय केंद्रीय समिति को वहां जाने से रोके जाने पर शुक्रवार को दिनभर हंगामा होता रहा। भाजपा की छह सदस्यीय केंद्रीय समिति में केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद शामिल थे।

संदेशखाली में महिलाओं के साथ हिंसा और यौन दुराचार की जांच करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की तरफ से समिति का गठन किया गया था। समिति में अग्निमित्रा पॉल भी शामिल थीं, जो सुबह संदेशखाली के लिए रवाना हो गयीं, लेकिन संदेशखाली से कुछ ही दूरी पर स्थित रामपुर में पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिसके बाद समिति के सदस्यों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि, समिति के सदस्यों ने दलील दी कि महज पांच लोग संदेशखाली में प्रवेश करेंगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इजाजत नहीं दी। पुलिस के रोके जाने के विरोध में समिति के सदस्य सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि राज्य प्रशासन को इस बात का डर है कि कहीं संदेशखाली की महिलाएं फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को लेकर कोई बड़ा खुलासा ना कर दें। अग्निमित्रा पॉल ने मीडिया से बातचीत में कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंशा साफ है। वो अपनी पार्टी के लोगों को बचाना चाहती हैं, जो प्रदेश में ऐसे जघन्य वारदातों के जिम्मेदार हैं।

### संदेशखाली का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले को उठाया गया। वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को मेंशन किया। मेंशनिंग के दौरान जब चीफ जस्टिस ने अलख आलोक श्रीवास्तव से कहा कि आप ई-मेल करें, हम देखेंगे। तब श्रीवास्तव ने कहा कि मामला बहुत जरूरी है, लिहाजा मामले में तत्काल सुनवाई की जाये। इस पर चीफ जस्टिस ने श्रीवास्तव पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट नियमों के तहत काम करेगा। आपके दबाव में हम लिस्टिंग का कोई आदेश जारी नहीं करेंगे।

## स्वदेशी हथियार खरीदने को केंद्र ने मंजूर किये 84,560 करोड़



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 84,560 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 9 समुद्री निगरानी विमान और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 6 समुद्री गश्ती विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह 15 समुद्री गश्ती विमान मेड इन इंडिया पहल पर सी-295 परिवहन विमान के सुविधा केंद्र में बनाये जायेंगे। इन परियोजनाओं की कीमत लगभग 29 हजार करोड़ रुपये है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई, जिसमें 84,560 करोड़ रुपये से विभिन्न हथियार और प्लेटफॉर्म खरीदे जायेंगे। पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) को मंजूरी देने के पीछे भारतीय विक्रेताओं से विभिन्न उपकरणों की खरीद पर विशेष जोर दिया गया है। इन प्रस्तावों में नयी पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस, वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण राडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी के समुद्री टोही और मल्टी-मिशन समुद्री विमान, उड़ान रिफ्यूलर विमान और सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो शामिल हैं। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की इस मंजूरी के बाद सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी हथियार खरीदे जायेंगे। स्टार्ट-अप और एमएसएमइ से उन्नत प्रौद्योगिकियों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया-2020 में संशोधन को भी मंजूरी दी गयी है, जिससे भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

## किसानों की समस्याओं से भाजपा सरकार का कोई सरोकार नहीं : राहुल



**चंदौली/वाराणसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों की भूमि छीनी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का गरीब और किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में पहुंचने पर सैयदराजा नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस समय देश में दो तरह की विचारधारा है। एक भाई को भाई से जोड़ती है और एक भाई से भाई की नफरत कराती है। इस यात्रा के जरिये नफरत के बाजार में वह मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं।

## पंजाब में हंगामा, तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों के भारत बंद का नहीं दिखा असर

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** किसानों के भारत बंद का कुछ जगहों पर अच्छा असर रहा तो, कुछ जगहों पर कोई असर नहीं दिखा। बंद को लेकर पंजाब में किसानों ने कई जगहों पर हंगामा किया। वहीं, बंद का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जगहों पर नहीं दिखा। वहीं, ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को भारत बंद को लेकर किसानों ने पैदल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में यहां किसान इकट्ठे हुए और सड़कों पर उतरे। वहीं भारत बंद का समर्थन करते हुए इस प्रदर्शन में महिलाएं और किसान भारी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

इधर, बंद का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में नहीं दिखा। किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर के सिसौली में शनिवार को आयोजित एक मासिक पंचायत में आगे की रणनीति तय की जायेगी। टिकैत ने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोंवाली चौराहे पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन में भाग लिया।

### बीकेएस ने किसान आंदोलन से बनायी दूरी

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़ (हि.स.)।** भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने किसान आंदोलन से दूरी बनायी है। इस संबंध में बीकेएस के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन हिंसक हो चुका है। ऐसे में संगठन इस आंदोलन को अपना समर्थन नहीं दे रहा है। इधर, हरियाणा व पंजाब की सीमा पर किसान आंदोलन के दौरान पुलिस की फायरिंग से घायल हुए पंजाब के किसानों का समर्थन करते हुए पंजाब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में हरियाणा भाजपा कार्यालय का घेराव किया। पंजाब कांग्रेस के कार्यकताओं व नेताओं ने इसके लिए हरियाणा पुलिस व हरियाणा सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

## मोदी सरकार ने कृषक हित में हर जरूरी निर्णय लिये : अनुराग



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए सदा समर्पित रही है। गुरुवार को केंद्र सरकार ने जारी गतिरोध के बीच किसान संगठनों को बातचीत के लिए निमंत्रण दिया था। कई किसान नेता आये और बेहद सार्थक चर्चा भी हुई है। हमने मिलकर अगली वार्ता रविवार को रखी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि रविवार को भी अच्छे माहौल में बातचीत होगी और हम मुद्दों के समाधान की ओर बढ़ेंगे। नयी दिल्ली में किसान आंदोलन को लेकर संवाददाताओं से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा, खाद, पानी, एमएसपी पर खरीद, बैंकों से सस्ते ऋण और मुआवजे पर पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने जितना किया है, वह पहले की किसी भी सरकार ने नहीं किया।

## फोर्ब्स इंडिया की सूची में शामिल हुईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना



**नेशनल क्रश** रश्मिका मंदाना पिछले कुछ महीनों से फिल्म 'एनिमल' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने गीतांजलि का किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' के हर कलाकार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। रश्मिका ने 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'अलविदा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इससे पहले उन्होंने तेलुगु, तमिल सिनेमा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। रश्मिका को साउथ की लेडी सुपरस्टार कहा जाता है। इस एक्ट्रेस ने महज दो साल में साउथ की तरह बॉलीवुड में भी खुद को स्थापित कर लिया है। 2022 में डेब्यू करने के महज दो साल में ही रश्मिका निजी जिंदगी में आगे बढ़ गयी हैं। हाल ही में 'फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30' लिस्ट जारी की गयी है। इसमें 30 साल से कम उम्र के 30 प्रसिद्ध लोग शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस साल फिल्म और मनोरंजन क्षेत्र की तीन अभिनेत्रियों ने इसमें जगह हासिल की है। रश्मिका को महज 27 साल की उम्र में इस लिस्ट में जगह मिली है। पिछले साल उनकी तीन फिल्में दर्शकों के सामने आयीं। पहली, एक्शन फिल्म 'वारिसु' थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ की कमाई की थी। वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' में नजर आयीं। इसके बाद रश्मिका को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'एनिमल' से मिली, जो साल के अंत में रिलीज हुई थी।

## कलाम साइंस सिटी का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करें : नीतीश कुमार



**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को निर्माणाधीन डॉ एपीजे कलाम साइंस सिटी का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइंस सिटी परिसर में बन रहे भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कलाम साइंस सिटी का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इस साइंस सिटी के निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञों की राय ली गय। बहुत पहले से इस साइंस सिटी के निर्माण को लेकर हमारे मन में कॉन्सेप्ट था और हमने इसको लेकर अपना आइडिया दिया। जब यह बनकर तैयार हो जायेगा, तो अपने आप में विशिष्ट होगा। सीएम ने कहा कि इस परिसर में तालाब का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जल संग्रहण में सुविधा होगी। व्यवस्थित ढंग से यहां पौधरोपण और ग्रीन एरिया डेवलप किया जा रहा है, जिससे यह परिसर सुंदर और आकर्षक दिखेगा।

### राजद कोटे के मंत्रियों के कामकाज की होगी समीक्षा

**पटना।** नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पूर्व में सरकार में शामिल रहे राजद कोटे के कुछ मंत्रियों के विभागों के कामकाज की समीक्षा का फैसला किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। जिन विभागों के नर्णयों की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है, उनमें से अधिकतर विभाग पिछली सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव के पास थे। तेजस्वी यादव के अलावा दो अन्य मंत्रियों के विभागों के निर्णयों की समीक्षा होगी।

## सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा स्थगित नहीं, बोर्ड ने स्पष्टीकरण जारी किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा 2024 को स्थगित करने के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित फर्जी सर्कुलर के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी किया। फर्जी सर्कुलर में कहा गया है कि सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा 2024 को किसानों के चल रहे विरोध के कारण स्थगित कर दी गयी है। इसे देखते हुए सीबीएसइ ने सोशल मीडिया एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट में स्पष्ट किया कि बोर्ड द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सीबीएसइ बोर्ड सोशल मीडिया में वायरल हो रहे उस पत्र को फर्जी और भ्रामक बताते हुए कहा है कि बोर्ड ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। बता दें कि सीबीएसइ की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो गयी हैं।


सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा

ज्योतिषाचार्य

जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।

I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र


डॉक्टर आर के पाठक

होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज (सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)

सम्पर्क : 8409363623

कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद


## केवल वही आयात करें, जो अपरिहार्य रूप से आवश्यक हो : उपराष्ट्रपति



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने व्यापार और उद्योग निकायों का ध्यान आर्थिक राष्ट्रवाद की सदस्यता न लेने के दुष्परिणामों की ओर आकर्षित किया है। वह शुक्रवार को नयी दिल्ली में डॉ आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारत स्टार्टअप और एमएसएमइ शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद को हमारे आर्थिक विकास के लिए मौलिक बताते हुए केवल वही आयात करने का आह्वान किया, जो अपरिहार्य रूप से आवश्यक है, ताकि भारत की विदेशी मुद्रा की निकासी, नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों की हानि और उद्यमिता के विकास में बाधाओं को रोका जा सके। वोकल फॉर लोकल की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह भावना आत्मनिर्भर भारत का एक पहलू है और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वदेशी आंदोलन के सार को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने भारत के एमएसएमइ क्षेत्र के प्रभावी प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि यह टियर 2 और 3 शहरों और गांवों में परिवर्तनकारी बदलाव ला रहा है। यह रेखांकित करते हुए कि कैसे व्यावसायिक नीतियों और पहलों में आसानी के साथ सकारात्मक शासन ने देश में उद्यमशीलता और नवाचार की भावना को फलने-फूलने में मदद की है, उपराष्ट्रपति ने उद्यमियों से उनके प्रदर्शन को अनुकूलित करने में मदद करने का आह्वान किया।

### सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नयी दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार खरीदारी का जोर बना रहा। हालांकि, बीच-बीच में मुनाफावसूली के कारण छिटपुट बिकवाली भी होती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। लगातार हो रही खरीदारी के कारण निफ्टी आज 22 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत तो और निफ्टी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसइ सेंसेक्स 376.26 अंक की बढ़त के साथ 72,426.64 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर कर 129.95 अंक की तेजी के साथ 22,040.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गयी।

## श्रीलंका में 11 बौद्ध मंदिर पवित्र स्थल घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश के महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व वाले 11 बौद्ध मंदिरों को पवित्र स्थल घोषित किया है। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार एक समारोह में राष्ट्रपति के सचिव समन एकनायके ने कहा है कि देश के कई ऐतिहासिक तीर्थस्थलों को पवित्र स्थलों के रूप में नामित किया गया है। राष्ट्रपति देश के संविधान के अनुसार बौद्ध धर्म की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय भौतिक नियोजन विभाग ने महत्वपूर्ण पुरातात्विक, ऐतिहासिक और पवित्र महत्व के 11 मंदिरों को सरकारी राजपत्र में पवित्र स्थलों के रूप में नामित किया है। श्रीलंका में अब पवित्र पूजास्थलों के रूप में मान्यता प्राप्त अभयारण्यों की कुल संख्या अब 142 हो गयी है।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में क्वाड विधेयक पारित



**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने क्वाड विधेयक पारित कर दिया। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के बीच घनिष्ठ सहयोग के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को एक क्वाड अंतर-संसदीय कार्य समूह स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं। यह विधेयक 39 के मुकाबले 379 वोट से पारित हुआ।

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी डेम्स की विज्ञप्ति में मजबूत अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया-भारत-जापान सहयोग या चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) विधेयक में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के बीच संयुक्त सहयोग को मजबूत करने की बात कही गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह विधेयक के अधिनियमित होने के 180 दिन के भीतर क्वाड के साथ कामकाज और सहयोग बढ़ाने की रणनीति कांग्रेस को प्रस्तुत करे। साथ ही, इसके अधिनियमन के 60 दिन के भीतर क्वाड अंतर-संसदीय कार्य समूह के गठन के लिए जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ बातचीत करे।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!